शनिवार, 13 जून 2026

**मौसम**

तापमान 27 – 33
आर्द्रता 76%
सूर्योदय: 04:51 सूर्यास्त: 18:21

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अपनी जिंदगी बदलने के लिए आपको दर्पण में स्वयं को देखना होगा।



कोच जसपाल राणा के निधन से भारतीय खेल जगत को बड़ी क्षति, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि पृष्ठ 8




# टाटा को बंगाल में लाएंगे वापस : शुभेंदु

### उद्योगों को आकर्षित करने के लिए झूठे वादों का सहारा नहीं लेने का दावा

### जबरन भूमि अधिग्रहण के बिना औद्योगिक विकास का भरोसा



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को उद्योग और रोजगार के मुद्दे पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनकी सरकार टाटा समूह को राज्य में वापस लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

कोलकाता में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती वाममोर्चा और तृणमूल कांग्रेस सरकारों की औद्योगिक नीतियों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीत में औद्योगीकरण के नाम पर या तो जबरन भूमि अधिग्रहण किया गया या फिर केवल घोषणाओं तक सीमित प्रयास हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार निवेश आकर्षित करने के लिए किसी प्रकार के भ्रामक दावों का सहारा नहीं लेगी। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि सिंगुर और नंदीग्राम जैसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए भूमि अधिग्रहण पूरी तरह कानून के दायरे में और लोगों की सहमति से किया जाएगा।

सिंगुर परियोजना का उल्लेख करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जिस स्थान पर कभी टाटा की नैनो कार परियोजना प्रस्तावित थी, वहां अब कृषि गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योग और कृषि के बीच संतुलन बनाकर विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है।

### संदिग्ध कंपनियों को निवेश की अनुमति नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन कंपनियों या व्यक्तियों पर भूमि घोटाले, बैंक धोखाधड़ी या मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर आरोप हैं, उन्हें राज्य में निवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए पारदर्शिता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कानून–व्यवस्था पर सख्त रुख

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अशांति, गुंडागर्दी तथा असामाजिक गतिविधियों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य में शांति भंग करने की किसी भी कोशिश पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने अवैध अतिक्रमण और फुटपाथों पर कब्जे के मुद्दे पर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिजनेस समिट के आयोजन के नाम पर 635 करोड़ की हेराफेरी की होगी जांच

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के आयोजन को लेकर पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस वार्षिक सम्मेलन के लिए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को करीब 635 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस खर्च की पूरी जांच कराई जाएगी ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उक्त राशि किन मदों में खर्च की गई और उससे राज्य को वास्तविक लाभ कितना मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यकाल में कई वर्षों तक बड़े पैमाने पर व्यापार एवं निवेश सम्मेलन आयोजित किए गए और हर बार भारी निवेश के दावे किए गए, लेकिन राज्य में अपेक्षित औद्योगिक विकास दिखाई नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी धन के उपयोग में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा जांच प्रक्रिया में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### जरूरतमंद क्लबों को ही मिलेगा दुर्गापूजा अनुदान

दुर्गापूजा अनुदान को लेकर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस वर्ष से सरकारी सहायता केवल उन्हीं पूजा समितियों और क्लबों को दी जाएगी, जिन्हें वास्तव में आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। आर्थिक रूप से सक्षम क्लबों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

स्पेसएक्स की जोरदार सूचीबद्धता के साथ मस्क बने दुनिया के पहले 'ट्रिलियनियर' (पृष्ठ 8)

भारतीय जहाजों पर हमले के लिए ईरान जिम्मेदार, यह पूरी तरह अस्वीकार्य : ट्रंप (पृष्ठ 7)

## वर्षों तक भारत के खिलाफ यूरोपीय हथियारों का इस्तेमाल किया गया : जयशंकर



**हेलसिंकी :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस–यूक्रेन संघर्ष पर भारत के रुख की यूरोप द्वारा की गई आलोचना का कड़ा जवाब देते हुए कहा कि यूरोप ऐसे हथियार बेचता है जिनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया जाता है, जबकि नयी दिल्ली ने कभी उस महाद्वीप को खतरे में डालने वाला कोई काम नहीं किया है। बृहस्पतिवार को फिनलैंड में 'कुलतारंता टॉक्स' के दौरान जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से कच्चा तेल खरीदने के भारत के फैसले को सही ठहराया और इस बात को खारिज कर दिया कि नयी दिल्ली ने इस संघर्ष पर ''नैतिक रूप से अस्पष्ट'' रुख अपनाया है। रूस के साथ भारत के रिश्तों और रूसी तेल के लगातार आयात को लेकर यूरोप में हो रही आलोचना के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, ''किसी भी यूरोपीय देश पर भारतीय हथियारों से हमला नहीं किया गया है। काश मैं भारत के मामले में यूरोपीय हथियारों के बारे में भी यही कह पाता। इसलिए इस बात को ध्यान में रखें।'' उन्होंने कहा, ''यूरोपीय देश ऐसे हथियार बेचते हैं जिनका इस्तेमाल भारत पर हमले के लिए किया जाता है। ऐसा अभी नहीं, बल्कि कई वर्षों से हो रहा है।'' विदेश मंत्री का यह बयान पाकिस्तान को कई यूरोपीय देशों द्वारा लंबे समय से हथियार और सैन्य साजो–सामान की आपूर्ति के संदर्भ में था। जयशंकर ने कहा, ''हम भारतीयों ने कभी यूरोप को खतरे में डालने वाला कोई काम नहीं किया है।'' उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद आर्थिक कारणों और वैश्विक बाजार की वास्तविकताओं पर आधारित है। जयशंकर ने कहा कि भारत लागत और उपलब्धता के आधार पर तेल खरीदता है। उन्होंने कहा, ''जब 2022 में रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तो उस समय बाजार में ज्यादातर तेल रूस का ही उपलब्ध था, क्योंकि यूरोपीय देश मुख्य रूप से पश्चिम एशिया से तेल खरीद रहे थे, जो हमारी पारंपरिक आपूर्ति थी। इसलिए हालात ने हमें एक खास दिशा में आगे बढ़ने के लिए मजबूर किया।''

# एनटीए ने नीट–यूजी 2026 के लिए 'रफ' काम की जगह बढ़ाने, परीक्षा अवधि में विस्तार की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी) 2026 के लिए छात्रों के हित में शुक्रवार को कई कदमों की घोषणा की जिनमें 'रफ' यानी कच्चे काम के लिए अतिरिक्त जगह देना और परीक्षा की अवधि बढ़ाना शामिल है। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यह परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। एनटीए के अनुसार, परीक्षा अपराह्न दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। इस तरह अभ्यर्थियों को कुल 195 मिनट का समय मिलेगा। परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ाई गई है। एजेंसी ने कहा, ''यह अतिरिक्त समय परीक्षा की शुरुआत और अंत में निरीक्षण संबंधी औपचारिकताओं, जैसे हस्ताक्षर आदि की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। अभ्यर्थियों का मानना था कि इन औपचारिकताओं के कारण उन्हें प्रश्न हल करने के लिए मिलने वाला वास्तविक समय कम हो जाता था।'' एनटीए ने प्रश्नपत्र पुस्तिका में 'रफ' काम के लिए दिए जाने वाले पृष्ठों की संख्या भी दो से बढ़ाकर चार कर दी है। इससे अभ्यर्थियों को गणना और प्रश्न हल करने के लिए तर्क–वितर्क संबंधी अन्य कार्य के लिए अतिरिक्त जगह मिलेगी।

### दोबारा आयोजित नीट में गड़बड़ी की कोशिश करने वालों से कठोरता के साथ निपटा जाएगा : केंद्र

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि 21 जून को दोबारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी) में गड़बड़ी करने या व्यवधान डालने या इसकी शुचिता से खिलवाड़ करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानून की पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह के साथ हुई एक बैठक में कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने यह बात कही। बैठक में सोमनाथन ने सभी चिकित्सा संस्थानों के स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट–यूजी से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की।




### बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ बयान देने के आरोप में ममता बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ बयान देने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने नेताजी नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नौ मार्च को कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान बनर्जी की टिप्पणियां 'समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने वाली' थीं। अधिकारी ने बताया कि मामला शुरू में 'शून्य प्राथमिकी' के तौर पर दर्ज किया गया था और इसे हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है, क्योंकि जिस जगह पर टीएमसी प्रमुख ने कथित तौर पर ये टिप्पणियां की थीं, वह इसी थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा, 'शिकायतकर्ता का आरोप है कि बनर्जी के बयानों से शांति भंग हो सकती है और सांप्रदायिक सद्भाव व लोकतांत्रिक मूल्यों पर बुरा असर पड़ सकता है।' कोलकाता पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिली और प्रक्रिया के अनुसार उस पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, 'हम आरोपों की जांच–पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई करेंगे।'



## सशक्तीकरण के दावे हकीकत भी बनें

यूं तो भारतीय समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के तमाम दावे गाहे-बगाहे किए ही जाते हैं। आधी दुनिया को पूरा हक देने की बात होती है। किंतु-परंतु के बीच उन्हें जनप्रतिनिधि संस्थाओं में 33 फीसदी आरक्षण देने पर प्रतिबद्धता जतायी जाती है। लेकिन इन दावों के बीच सामने आया एक कड़वा सच हमें वास्तविक स्थिति से रूबरू करा देता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश में ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार होती रही है। यह विडंबना ही है कि शहरों की तुलना में ज्यादा शांत व सुरक्षित माने जाने वाले ग्रामीण इलाकों में स्त्रियों को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ता है। वीरवार को सुप्रीम कोर्ट ने गृहिणियों के योगदान को राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें नेशन बिल्डर तक कह दिया। यहां तक कि घर और परिवार की देखभाल में गृहिणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के कल्पित आर्थिक मूल्य का निर्धारण करते हुए उसे नजरअंदाज न करने की सलाह दी। यह विडंबना ही है कि जिन महिलाओं को सुप्रीम कोर्ट नेशन बिल्डर बता रहा है, उन्हें हम सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं। आखिर महिला सशक्तीकरण के सारे विशेष प्रयास सिर्फ कागजों तक ही क्यों सिमट जाते हैं? आखिर क्या वजह है कि महिलाओं की रक्षा-सुरक्षा हेतु तमाम विशेष कानून बनाये जाने के बावजूद जमीनी हकीकत नहीं बदलती है। इसमें दो राय नहीं कि समय-समय पर महिला उत्थान के लिये तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं और अभियान चलाये जाते रहे हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि विकासात्मक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। जीवन के हर क्षेत्र में वे अपना आकाश तलाश रही हैं। विधायिका में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल सहमत नजर आते हैं। सवाल यही है कि जीवन व्यवहार में स्थिति क्यों नहीं बदलती।

देश के नीति-नियंताओं को इस गंभीर मुद्दे पर विचार करना होगा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिये तमाम विशेष कानून बनाये जाने के बावजूद क्यों ग्रामीण क्षेत्रों में हर चौथी व शहरी क्षेत्र में हर छठी स्त्री को हिंसा व यौन उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। आखिर क्या वजह है कि घर से लेकर बाहर तक वे खुद को सुरक्षित नहीं महसूस कर पा रही हैं? क्या कहीं इसमें पितृसत्ता प्रधान समाज की मानसिकता कारण है? दरअसल, आज लड़कियों व महिलाओं के खिलाफ हिंसा कई रूपों में मौजूद है। आजादी के सात दशक बाद भी हम दहेज के कलंक से मुक्त नहीं हो पाये हैं। हाल के दिनों में दहेज हत्या के कई बहुचर्चित मामले प्रकाश में आए। एक लड़की की पढ़ाई से लेकर शादी तक मां-बाप काफी खर्च करते हैं, फिर दहेज देने की जरूरत क्यों? छोटी-छोटी बातों में महिलाओं से मारपीट की खबरें आती हैं। वहीं अदिवासी व पिछड़े इलाकों में महिलाओं को डायन बताकर मारने की घटनाएं सामने आती हैं। हमारा समाज आज भी अंधविश्वासों और जादू-टोने के भय से मुक्त नहीं हुआ है। जिसके चलते महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले सामने आते हैं। सर्वेक्षण का यह तथ्य चौंकाता है कि 18 से 49 आयु वर्ग की विवाहिताओं में बाईस फीसदी को वैवाहिक जीवन में घरेलू हिंसा का शिकार होना पड़ा है। हालांकि, समय के साथ हिंसा के आंकड़ों में गिरावट आई है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति चिंता पैदा करती है। जो किसी सभ्य समाज के माथे पर एक दाग की तरह ही है। हमारी व्यवस्था की विसंगतियां, पुरुष प्रधान सोच और हिंसा रोकने के लिये बनाए गए कानूनों के क्रियान्वयन में खामियां महिलाओं को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने में बाधक हैं। जो सामाजिक विसंगति की ओर इशारा करता है। यदि समय रहते कानून प्रवर्तन एजेंसियां संवेदनशील ढंग से कदम उठायें तो महिलाएं खुद को घर-बाहर सुरक्षित महसूस कर सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किशोर अवस्था के दौरान यौन-हिंसा का शिकार होने का प्रतिशत शहरों के मुकाबले अधिक होना, ग्रामीण समाज में विद्रूपताओं को दर्शाता है। जरूरी है कि ग्रामीण समाज में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग किया जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 जून, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 16:04 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 25:14 तक, योग : सुकर्माण, 17:23 तक, सूर्योदयः 04:51, सूर्यास्तः 18:21, चन्द्रोदय : 03:17, चन्द्रास्तः 17:11, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 08:54 से 10:34

## राशिफल

**मेष :** आज आपको अपने गुस्से और शब्दों पर खास कंट्रोल रखने की जरूरत है। छोटी बात पर प्रतिक्रिया रिश्तों में दूरी बढ़ा सकती है। संतान की भावनाओं को समझने का मौका भी मिलेगा।

**वृष :** आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को विशेष सतर्क रहना होगा। शरीर में थकान महसूस हो सकती है, इसलिए सेहत को नजरअंदाज न करें।

**मिथुन :** आज का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया है। अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है और आर्थिक स्थिति में सुधार महसूस होगा। किसी अपने की आर्थिक मदद भी कर सकते हैं।

**कर्क :** आज सकारात्मक परिणाम मिलने से मन खुश रहेगा। ऑफिस में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा और काम तेजी से पूरे होंगे। पैसों से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

**सिंह :** आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन समय का सही इस्तेमाल करना आपके लिए बहुत जरूरी होगा। रुके हुए काम पूरे करने पर ध्यान दें। रुका हुआ पैसा वापस मिलने के योग हैं।

**कन्या :** आज ऊर्जा और उत्साह से भरपूर दिन रहेगा। घर में मेहमानों के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा।

**तुला :** आज काम का दबाव मानसिक थकान बढ़ा सकता है। हालांकि आप अपने स्वभाव में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन संतुलित रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और यात्रा का योग भी बन रहा है। धार्मिक गतिविधियों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति महसूस होगी।

**धनु :** आज वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। जीवनसाथी की सफलता आपको गर्व महसूस कराएगी। निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और पिताजी भी आपके कामों से खुश नजर आएंगे।

**मकर :** आज भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा और परिवार में एकता महसूस होगी। आर्थिक मामलों में थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है। आलस्य को खुद पर हावी न होने दें।

**कुम्भ :** आज आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों का साथ आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। आपकी बातों का असर लोगों पर सकारात्मक पड़ेगा।

**मीन :** आज सेहत थोड़ी कमजोर रह सकती है, इसलिए खुद का खास ध्यान रखें। कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा, लेकिन धैर्य बनाए रखें।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व



सीपी राधाकृष्णन

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

**परिवर्तनकारी नेतृत्वः 4,366 दिन और आगे :** श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है-चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।

साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

विकास भी, विरासत भी: तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास

समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विकास भी, विरासत भी की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है।

उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी विकास भी, विरासत भी की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुड़े रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है।

इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं। भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है। इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने एक मानवता के नेक विचार को अपनाया था। वसुधैव कुटुंबकम की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है।

'काशी-तमिल संगमम' और 'सौराष्ट्र-तमिल संगमम' जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में 'सेंगोल' की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

निष्कर्ष

हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को 'युग पुरुष' के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे 'युग पुरुष' के रूप में उभरे हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को 'विकसित भारत 2047' की ओर ले जाएगा।

**(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)**

# मोदी सरकार के ऐतिहासिक 12 साल



डॉ. ओपी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने सफल 12 साल पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक पड़ाव पर प्रधानमंत्री ने '12 साल: विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के' संकल्प के साथ देश की प्रगति का एक विस्तृत ब्यौरा जारी किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जन कल्याण को समर्पित रहे हैं। सत्ता शीर्ष पर बारह साल के कार्यकाल के दौरान अनेक विशिष्ट उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्से में आई हैं। एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

पं. नेहरू ने पहले आम चुनाव के बाद 13 मई, 1952 को विधिवत निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल शुरू किया, जो 1964 तक चला। वहीं नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 9 जून, 2024 को ली। निश्चय ही भारत जैसे विशाल, सांस्कृतिक विविधता वाले तथा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का इतने लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहना एक बड़ी उपलब्धि कही जाएगी। भाजपा नीत राजग गठबंधन सरकार के हिस्से में यूं तो कई उपलब्धियां हैं, लेकिन एक सशक्त केंद्र सरकार देश की एकता-अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रही है। निस्संदेह, मोदी युगीन इन बारह सालों को अनुच्छेद-370 हटाने, नक्सलवाद के खात्मे, आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक सुरक्षा नीति, आध्यात्मिक पर्यटन, महिला आरक्षण, डिजिटल इंडिया मुहिम, तीन तलाक से मुक्ति व आर्थिक आरक्षण की उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा।

निस्संदेह, कुछ फैसले ऐसे रहे हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी। लोगों को गरिमा व अवसर दिलाने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं बदलावकारी कही जाती हैं। साथ ही उन लोगों को 'अंत्योदय दृष्टि' से प्रेरित होकर लाभ देने की कोशिश हुई, जो असमानता के चलते पीछे छूट गए थे। बड़ी संख्या में जनधन खाते खोले जाने का लाभ विशेष रूप से महिलाओं को मिला। जहां डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से जहां लोगों को समय पर मदद मिली, वहीं बिचौलियों पर नकेल कसने से भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगा। मोदी सरकार ने 'एक देश, एक कर' की सोच को जीएसटी लागू करके हकीकत बनाया।

जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजे थे तो उन्होंने उद्घोष किया था कि न 'खाऊंगा और न खाने दूंगा।' यह हकीकत है मानवीय दुर्बलताओं और समाज में लगातार बढ़ती भौतिकवाद की सोच के चलते समाज में भ्रष्टाचार पर अपेक्षित लगाम नहीं लगी, लेकिन उनके कार्यकाल में कोई मंत्री प्रत्यक्ष तौर पर किसी बड़े भ्रष्टाचार में लिप्त नजर नहीं आया। निस्संदेह, खाड़ी संकट के चलते महंगे हुए पेट्रोलियम पदार्थों से महंगाई असर दिखा रही है, लेकिन समय रहते प्रबंधन के चलते वैसे हालात भी नहीं पैदा हुए, जैसे हमारे पड़ोसी देशों में नजर आ रहे हैं। अमेरिका दबाव के बावजूद रणनीतिक ढंग से रूस से सस्ता तेल खरीदकर मोदी सरकार ने जहां देश के आपातकालीन पेट्रोलियम भंडारण को बढ़ाया, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा की भी बचत की।

आज देश ने कच्चे तेल के खरीद के विकल्पों को विस्तार दिया है, जो संकटकाल में मददगार साबित हुए हैं। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री द्वारा सौर ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा आदि वैकल्पिक संसाधनों के लिए जो अभियान चलाए गए, उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के दौरान देश की आर्थिकी को संबल दिया। एक समय विपक्षी नेता पेट्रोल में इथेनॉल मिलाए जाने को लेकर आलोचना कर रहे थे, लेकिन यह फैसला मौजूदा ऊर्जा संकट में मददगार साबित हुआ। कोरोना संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और फिर ईरान अमेरिका-इजरायल युद्ध के संकट से पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है, लेकिन राजग सरकार इन चुनौतियों का बखूबी मुकाबला करती नजर आई।

देश के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए सरकार ने देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन की व्यवस्था सुनिश्चित की है, जिससे भुखमरी की समस्या पर एक बड़ा प्रहार हुआ है। इसके साथ ही, बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को 'पीएम आवास योजना' के तहत पक्के मकान दिए गए हैं। वहीं, 10.5 करोड़ से अधिक परिवारों को 'उज्ज्वला योजना' के तहत गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कराकर देश को खुले में शौच से मुक्ति की तरफ बढ़ाया गया है।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है और पिछले 12 सालों में इस युवा शक्ति को सही दिशा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। देश के करीब 2 करोड़ युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक और रोजगारपरक 'स्किल ट्रेनिंग' दी जा चुकी है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा, युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए लगभग 40 लाख करोड़ रुपये का 'मुद्रा लोन' वितरित किया गया है।

देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें वित्तीय सुरक्षा देने के लिए 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत अब तक 4.3 लाख करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। इससे छोटे किसानों को बीज और खाद जैसी जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सरकार ने 60 करोड़ से अधिक देशवासियों को 'आयुष्मान भारत योजना' के सुरक्षा कवच से जोड़ा है।

देश के विकास की मुख्य धुरी कहे जाने वाले मध्यम वर्ग को टैक्स के मोर्चे पर एक बहुत बड़ी राहत दी गई है। कनेक्टिविटी को नए स्तर पर ले जाने के लिए देश में समुद्र और नदियों पर 'अटल सेतु', 'सुदर्शन सेतु', 'चिनाब रेल ब्रिज', 'बोगीबील ब्रिज' और 'पंबन समुद्री पुल' जैसे इंजीनियरिंग के बेजोड़ अजूबों का निर्माण किया गया है। भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए देश के इतिहास में पहली बार करीब 38,400 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड 'डिफेंस एक्सपोर्ट' (रक्षा निर्यात) दर्ज किया गया है। अब भारत केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि दुनिया को हथियार बेचने वाला देश बन रहा है।

देश की सीमाओं के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर भी सरकार ने 'जीरो-टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। सरकार के कड़े और रणनीतिक कदमों के कारण देश में नक्सलवाद का सपना साकार होने से रोका गया है और आतंकवाद पर अब तक का सबसे कड़ा प्रहार किया गया है। मोदी सरकार के इस कार्यकाल की सबसे बड़ी खूबी यह रही है कि यहां आधुनिक विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को भी सहेजने का काम किया गया है। सदियों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण पूरा हुआ।

इसके बावजूद मोदी सरकार की फिलहाल बेरोजगारी व महंगाई पर अंकुश लगाना प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत युवाओं का देश है, इस युवा शक्ति का देश हित में कैसे बेहतर इस्तेमाल हो सकता है, इसकी दृष्टि निश्चय ही प्रधानमंत्री के पास है। तभी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

-चिकित्सक एवं लेखक

## वर्ग पहेली नं. 3468

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ | 14 |
| 15 | | ■ | 16 | | ■ | 17 | | 18 | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | ■ | | ■ | 20 | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | | | ■ | |
| 25 | | 26 | ■ | ■ | 27 | | ■ | 28 | |
| | ■ | 29 | | | | ■ | 30 | | ■ |

*ऊपर से नीचे:-* 1) मरना, 2) चरस, 3) जिसमें कुछ भी सार न हो; निर्धन, 4) इच्छा, 5) बेदाग़, 6) टक्कर, 11) बेगुनाह; दया-पात्र, 13) अपराधमुक्त, 14) चिंतनशील, 17) कृष्ण, 18) कीड़ा, 21) आज्ञा, 22) बड़ा, 24) भद्दा; बुरा, 26) इसके तुरंत बाद, 28) दुश्मनी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) साज़िश, 4) कई तरह का, 7) पशु, 8) मकई, 9) बीमार, 10) धनाढ्य, 12) मनमुटाव, 15) अनुपस्थिति, 16) गौरवर्णीय *(महिला)*, 17) सलोना, 19) होशहवास, 20) एक अंग्रेजी तौल, 21) एक फल, 23) लतागृह, 25) गाँव, 27) विलंब, 28) मूर्ख व्यक्ति; एक पालतू पशु, 29) लाचार; व्यर्थ; ज़बरदस्ती, 30) तड़का.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | ले | आ | म | ■ | अ | क | स | र | ■ |
| क्रि | ■ | ■ | न | ट | खा | ट | ■ | ह | नु |
| य | क | ■ | च | ■ | रो | क | था | म | ■ |
| ■ | पो | प | ला | ■ | ट | ■ | म | ■ | बे |
| अ | ल | ग | ■ | द | ■ | ता | ना | शा | ह |
| ■ | क | ■ | त | र | का | री | ■ | न | या |
| क | ल्प | क | ■ | द | ■ | ख़ा | ■ | शौ | ■ |
| च | ना | ■ | ख़ै | रा | त | ■ | कु | क | डूं |
| रा | ■ | गै | र | ■ | ब | दौ | ल | त | ■ |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3426

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | 1 | |
| | 4 | 2 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 8 |
| | 9 | | 3 | | 6 | | 4 | |
| | | 1 | | | 9 | | | |
| 5 | | | | 1 | | | 8 | 3 |
| | | | | | | | 7 | |
| 7 | | | 4 | | 3 | 5 | | 2 |
| | | | 9 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3425 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 3 | 7 | 1 | 9 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 |

# एक माह में दिखने लगा डबल इंजन सरकार का असर, 22 जून के बजट में हो सकते हैं बड़े फैसले : शुभेंदु

❑ **मुख्यमंत्री बोले– भाजपा सरकार के पहले बजट में जनता के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी**
❑ **राज्य और केंद्र में एक ही दल की सरकार होने से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने का दावा**

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन के महज एक माह के भीतर ही डबल इंजन सरकार के लाभ आम लोगों तक पहुंचने शुरू हो गए हैं। उन्होंने संकेत दिया कि 22 जून को विधानसभा में पेश होने वाले राज्य सरकार के पहले बजट में जनता के लिए कई अहम घोषणाएं की जा सकती हैं। कोलकाता के न्यूटाउन स्थित विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार होने से विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार बनने के बाद कम समय में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनका लाभ लोगों को मिलने लगा है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार के एक माह के कार्यकाल का भी ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में सरकार की योजनाओं का प्रभाव और स्पष्ट रूप से दिखाई देगा तथा लोगों को विकास कार्यों का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्य के बड़ी संख्या में नागरिक सरकार के कार्यों के सकारात्मक परिणाम महसूस करेंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार, सरकार का लक्ष्य योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि सरकार बनने के बाद एक करोड़ से अधिक लोगों को



आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा गया है। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के समय लंबित कई प्रशासनिक और विकास संबंधी कार्यों को भी आगे बढ़ाया गया है।

बजट को लेकर उत्सुकता बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जून को पेश होने वाला बजट राज्य सरकार की विकास संबंधी प्राथमिकताओं और आगामी योजनाओं की स्पष्ट तस्वीर सामने रखेगा।

❑ **धुलियान जैसी घटनाओं को नहीं दोहराने देंगे, अशांति फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

कानून–व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की हिंसा, अशांति या कानून–व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तीखे अंदाज में कहा कि राज्य में अब धुलियान व शमशेरगंज माडल जैसी घटनाएं दोबारा नहीं चलेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले महीने भाजपा की सरकार बनने के बाद कुछ लोगों ने पहले स्थिति को परखने के लिए आसनसोल में एक पुलिस चौकी पर हमला किया और कोलकाता के पार्क सर्कस इलाके में पुलिस पर पथराव किया, लेकिन उसके बाद सरकार की कार्रवाई देखकर अब वे दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फिर ऐसी कोशिश हुई तो मुझसे ज्यादा खराब मुख्यमंत्री वे नहीं देखेंगे।

## फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए होते हैं, अतिक्रमण करने वालों के नहीं : मुख्यमंत्री

भाजपा सरकार के अतिक्रमण–रोधी अभियानों को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने फुटपाथों और सड़कों पर कब्जा करने वाले फेरीवालों को शुक्रवार को सख्त संदेश दिया कि किसी को भी फुटपाथ पर अतिक्रमण करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने साथ ही प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास नीति और कल्याणकारी योजनाओं का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री अधिकारी ने राज्य सरकार के सख्त अतिक्रमण–रोधी अभियानों को एक मानवीय दृष्टिकोण के आश्वासन के साथ संतुलित करने की कोशिश की और कहा कि सार्वजनिक सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन वैध फेरीवालों की उपेक्षा नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'लोगों को फुटपाथ पर चलने का अधिकार है। किसी को भी उन पर कब्जा करने का अधिकार नहीं है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण के खिलाफ अपने अभियान को वापस नहीं लेगी। अधिकारी ने कहा, 'किसी ने भी मुझे यह अधिकार नहीं दिया है कि मैं कोलकाता की चौड़ी सड़कों और फुटपाथों को किसी के हवाले कर दूं। मैं जनता के प्रति जवाबदेह हूं। जहां भी सार्वजनिक हित का सवाल होगा, वहां उसे प्राथमिकता दी जाएगी।' मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि सरकार सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे और छोटे व्यापारियों की आजीविका से जुड़ी चिंताओं को अलग–अलग तरीके से देखेगी। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में फेरीवाले खाली सरकारी जमीन पर काम कर रहे हैं और इससे सार्वजनिक आवागमन प्रभावित नहीं हो रहा है, उन मामलों पर सहानुभूतिपूर्ण तरीके से गौर किया जायेगा। अधिकारी ने कहा, 'जहां अतिरिक्त सरकारी भूमि उपलब्ध है और उसका कोई सार्वजनिक उपयोग नहीं है, वहां मामले को मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाएगा।' अधिकारी ने घोषणा की कि सरकार फेरीवालों के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रही है और उन्होंने सड़क विक्रेताओं के लिए केंद्र की मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार फेरीवालों के लिए योजनाएं लाएगी। भारत सरकार के पास पहले से ही उनके लिए योजनाएं मौजूद हैं। लेकिन ऐसी स्थितियां, जहां पूरी सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं और यहां तक कि मोटरसाइकिल भी नहीं निकल पाती, जारी नहीं रह सकतीं।' अधिकारी ने कहा, 'सरकार मानवीय दृष्टिकोण अपनाएगी और अनुपयोगी सरकारी भूमि पर पुनर्वास की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। लेकिन पहले अतिक्रमण हटाना होगा।'



विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी।

# तृणमूल व भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक ने ली शपथ

**कोलकाता :** बंगाल में हालिया संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा और तृणमूल के एक–एक नवनिर्वाचित विधायक ने शुक्रवार को विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रथींद्र बोस ने विधानसभा में दोनों नए विधायकों– देवाशीष पांडा (फलता) और स्वाति खांडेकर (चंडीतल्ला) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर उद्योग मंत्री तापस राय और संसदीय कार्य व पर्यटन मंत्री डा शंकर घोष सहित कई अन्य विधायक उपस्थित रहे। मालूम हो कि इनमें देवाशीष पांडा भाजपा के टिकट पर हाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में एक लाख से अधिक वोटों के बड़े अंतर से निर्वाचित हुए थे। फलता सीट से तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी रहे



जहांगीर खान ने पुनर्मतदान से एक दिन पहले अचानक चुनावी मैदान छोड़ने की घोषणा की थी, जिसके बाद पांडा की एकतरफा जीत सुनिश्चित हो गई थीं। वहीं, स्वाति खांडेकर हुगली जिले की चंडीतल्ला सीट से तृणमूल के टिकट पर निर्वाचित हुई हैं। पिछले महीने भाजपा सरकार के गठन के बाद जब विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई गई थीं, तब स्वाति खांडेकर पैर टूटने के कारण अस्पताल में भर्ती होने की वजह से शपथ नहीं ले पाई थीं। अब उन्हें फलता सीट से जीत दर्ज करने वाले देवाशीष पांडा के साथ शपथ दिलाई गई है।

## पश्चिम बंगाल के अधिकतर हिस्सों में पहुंचा मानसून, कोलकाता में बारिश की संभावना

**कोलकाता :** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण–पश्चिम मानसून पुरुलिया जिले के कुछ हिस्सों को छोड़कर पश्चिम बंगाल के अधिकतर हिस्सों में पहुंच चुका है जिससे लोगों को गर्म और उमस भरे मौसम से राहत मिली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि शुक्रवार को कोलकाता और राज्य के दक्षिणी हिस्सों के कुछ जिलों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। विभाग ने बताया कि हवा के अनुकूल पैटर्न और बंगाल की खाड़ी से आ रही प्रबल नमी के कारण दक्षिण बंगाल में बारिश और गरज के साथ बौछारें तथा राज्य के उत्तरी हिस्से के उप–हिमालयी जिलों में भारी बारिश की संभावना 15 जून तक बनी रहेगी। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम मानसून पश्चिमी जिले पुरुलिया के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर पश्चिम बंगाल के अधिकतर हिस्सों में आगे बढ़ चुका है और अगले दो से तीन दिनों में यह शेष हिस्से में भी पहुंच जाएगा। आईएमडी ने कहा कि अगले पांच दिनों में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जैसे उप–हिमालयी जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। उत्तर बंगाल के मालदा और दक्षिण के पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के बीते 24 घंटों में 66–66 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो राज्य में सबसे अधिक है। इस अवधि के दौरान जिन अन्य स्थानों पर अच्छी बारिश हुई, उनमें बर्दवान (60 मिमी), बांकुडा (32 मिमी) और झाड़ग्राम (31 मिमी) शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, कोलकाता, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, बांकुडा, पुरुलिया और पश्चिम बर्दवान में शुक्रवार को गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

# अभिषेक के कारण पार्टी में घुटन और तानाशाही ने विद्रोह को दिया जन्म : ऋतब्रत

### अभिषेक के कार्यालय से सवाल तय होने का आरोप, फ्लोर टेस्ट की चुनौती भी दी

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा परिसर के बाहर शुक्रवार को तृणमूल विधायकों के बागी खेमे के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने अपनी ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर हमला बोलते हुए संगठन के भीतर फासीवादी मानसिकता और घुटनभरे माहौल का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा विद्रोह किसी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि गुलामी से मुक्ति की लड़ाई है।

नेता प्रतिपक्ष रिताब्रता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी के 64 बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को अपने नाम सौंप दिए हैं, जो टीएमसी के विधानसभा संख्याबल का दो–तिहाई से ज़्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि समर्थन के परस्पर विरोधी दावों की पुष्टि के लिए शक्ति परीक्षण का आदेश दिया जा सकता है। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक देबांग्शु पांडा और टीएमसी की स्वाति खांडेकर के विधानसभा में शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद बनर्जी ने यह बात कही। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में और विधायक बागी खेमे में शामिल हो सकते हैं। बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, 'जैसे बागी सांसदों ने संसद में लोकसभा अध्यक्ष को अपनी सूची सौंपी, वैसे ही बागी टीएमसी विधायकों ने भी विधानसभा अध्यक्ष को अपनी सूची सौंप दी। अभी हमारे साथ 64 विधायक हैं। अगर अध्यक्ष ज़रूरी समझें, तो वह शक्ति परीक्षण का आदेश दे सकते हैं। हम यह साबित करेंगे कि हमारे साथ कितने विधायक हैं।' पश्चिम बंगाल विधानसभा में अलग हुए 'न्यू टीएमसी' गुट का नेतृत्व कर रहे पूर्व



राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ़्ते की शुरुआत तक उनके गुट की ताक़त के बारे में ज़्यादा साफ़ तस्वीर सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा, 'संख्या बढ़ेगी या नहीं, यह हमें सोमवार या मंगलवार तक पता चल जाएगा।'

अपने संसदीय प्रदर्शन का हवाला देते हुए ऋतब्रत ने बताया कि उन्होंने अब तक संसद में 275 बहसों में हिस्सा लिया और 823 प्रश्न पूछे हैं। हालांकि अंतिम सत्र में उन्होंने कोई प्रश्न नहीं पूछा। इसके पीछे उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें निर्देश दिया गया था कि केवल अभिषेक बनर्जी के कार्यालय से भेजे गए प्रश्न ही सदन में उठाए जाएं। उनके अनुसार एक 'पीओसी' लगातार उन पर नजर रखता था।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रश्न पूछने की प्रक्रिया इसी तरह नियंत्रित होती रही तो भविष्य में किसी 'कैश फार क्वेश्चन' जैसे विवाद की स्थिति में जवाबदेही तय करना मुश्किल होगा। ऋतब्रत ने पार्टी की मौजूदा कार्यप्रणाली को युवराज(अभिषेक पर तंज) की एकाधिकारवादी राजनीति करार देते हुए कहा कि यही असंतोष आने वाले दिनों में और नेताओं को बागी खेमे की ओर आकर्षित करेगा।

### तृणमूल का बागी गुट लोकसभा अध्यक्ष से मिलेगा, 'असली तृणमूल कांग्रेस' के तौर पर मान्यता की मांग करेगा

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के बागी नेता जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के बागी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सोमवार को मुलाकात कर खुद को 'असली तृणमूल कांग्रेस' के तौर पर मान्यता दिए जाने की मांग करेंगे। बसुनिया ने दावा किया कि अभी 19 लोकसभा सदस्य इस गुट का समर्थन कर रहे हैं। कूचबिहार से सांसद और लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करने के इच्छुक सांसदों में शामिल बसुनिया ने 'पीटीआई–वीडियो' को बताया कि यह गुट सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात करेगा। बसुनिया ने कहा, 'सोमवार को हम लोकसभा अध्यक्ष के पास जाएंगे और हमने असली तृणमूल समूह होने का दावा पेश किया है। हम लोकसभा अध्यक्ष से हमारे दावे को मान्यता देने का आग्रह करेंगे।' सूत्रों का कहना है कि बैठक का समय अभी तय नहीं हुआ है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी की अभिषेक बनर्जी पर की गई टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर बसुनिया ने कहा, 'वह सही बात कह रहे हैं। हम कल्याण बनर्जी के बयान का समर्थन करते हैं।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार और पार्टी के कई विधायकों के बागी होने के बाद तृणमूल कांग्रेस संकट में घिर गई है। यह उथल–पुथल बाद में संसद तक भी पहुंच गई।


**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No -29/City (M) of 2026-27** from bonafied and resourceful contractors having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be **on 13.06.2026 up to 12.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**पूर्वोत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र–1

विषय:– पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का उपयोग करके ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्य का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें सतत ट्रैक सर्किटिंग और आसपास के स्टेशनों पर संबंधित सहायक कार्य शामिल हैं, साथ ही Aunrihar Jn (ARJ) & Varanasi City (BCY) और Banaras (BNRS) & Prayagraj Rambag (PRRB) सेक्शनों में 4x48 OFC कार्य और Sarnath (SRNT), Kadipur (KDQ) और Rajwari (RJI) स्टेशनों पर EI (इनडोर) कार्य। संदर्भ: निविदा संख्या NER_SnT_Proj_BSB_02_2026, दिनांक 22.05.2026 16:44 बजे।
विषयांकित निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धिपत्र 1 जारी किया जाता है।
उपरोक्त निविदा के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 02.07.2026 से 21.07.2026 12:00 बजे तक बढ़ा दी गई है
निविदा 21.07.2026 को 12:30 बजे खुलेगी।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी

उपमुसिदूइं/प्रोजेक्ट
मुजाधि/सिगनल–54 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**NIQ, GOVT. OF WEST BENGAL**

Quotation is here by invited by the Executive Engineer, Bidhannagar IT Division, PWD, Room No 115, 1st Floor DF Block Purta Bhavan Sector-I, Saltlake, Kolkata-700091 from eligible contractor for the following work:
Name of Work:
1. "Temporary IT infrastructural work in connection with VVIP visit and Jan Kalyan Shivir (JKS) programme at Reapara Shib Mandir Ground under Nandigram-II Development Block, Purba Medinipur on 15.06.2026."
**SHORT NOTICE INVITING QUOTATION No:** WBPWD/EE/BIT/NIQ-14 of 2026-27. **Last date of submission of Quotation:** 13.06.2026 up to 04.30PM. Corrigendum or Addendum if issued will be published only on the website. (https://www.pwdwb.in)

Sd/-
EE, Bidhannagar
IT Division, PWD

**कोलकाता–योग नगरी ऋषिकेश–कोलकाता स्पेशल ट्रेन का मार्ग परिवर्तन**

पूर्व तट रेलवे के तहत खोरधा रोड मंडल में पुरी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के उन्नयन कार्य के लिए, निम्नलिखित एक्सप्रेस ट्रेनें मालतीपाटपुर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेंगी/संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी: दोहरीकरण कार्य के लिए, उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–जंघई खंड के गौरा, सुवांसा, बादशाहपुर, नीभापुर और जंघई स्टेशनों पर बिफोर नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। फलस्वरूप, **04311 कोलकाता – योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल ट्रेन** (यात्रा शुरू दिनांक 28.06.2026) और **04312 योग नगरी ऋषिकेश–कोलकाता स्पेशल ट्रेन** (यात्रा शुरू दिनांक 26.06.2026) दोनों दिशाओं में वाराणसी जंक्शन–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–रायबरेली–उतरेटिया के बदले वाराणसी जंक्शन–सुलतानपुर–उतरेटिया होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी और दोनों ट्रेनें माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं रायबरेली स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी तथा परिवर्तित मार्ग पर सुलतानपुर एवं जौनपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेंगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह-रानाघाट-सियालदह एसी ईएमयू लोकल ट्रेनों की संशोधित समय-सूची एवं अतिरिक्त ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **31637/31638 सियालदह-रानाघाट-सियालदह एसी ईएमयू लोकल ट्रेन** परीक्षण के तौर पर **दिनांक 15.06.2026 से 31.07.2026 तक** दोनों दिशाओं में **शिमुराली, हालीसहर, कांकीनाड़ा, जगदल एवं ईछापुर** स्टेशनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेंगी। अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने के उपरांत संशोधित समय-सूची निम्नानुसार होगी:-

| स्टेशन | 31637 सियालदह-रानाघाट एसी लोकल | | 31638 रानाघाट-सियालदह एसी लोकल | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| सियालदह | - | ↓ 18.50 | 10.10 | - |
| बिधाननगर रोड | ठहरेगी | 18.58½ | ठहरेगी | 09.57 |
| दमदम जंक्शन | 19.03 | 19.04 | 09.51 | 09.52 |
| बेलघरिया | ठहरेगी | 19.10 | ठहरेगी | 09.44 |
| सोदपुर | ठहरेगी | 19.15½ | ठहरेगी | 09.39 |
| खड़दह | ठहरेगी | 19.19½ | ठहरेगी | 09.34 |
| बैरकपुर | 19.25 | 19.26 | 09.27 | 09.28 |
| ईछापुर | ठहरेगी | 19.32 | ठहरेगी | 09.23 |
| श्यामनगर | ठहरेगी | 19.35 | ठहरेगी | 09.19 |
| जगद्दल | ठहरेगी | 19.39 | ठहरेगी | 09.16 |
| कांकीनाड़ा | ठहरेगी | 19.42 | ठहरेगी | 09.13 |
| नैहाटी जंक्शन | 19.49 | 19.50 | 09.07 | 09.08 |
| हालीसहर | ठहरेगी | 19.54 | ठहरेगी | 09.02 |
| कांचरापाड़ा | ठहरेगी | 19.58 | ठहरेगी | 08.58 |
| कल्याणी | ठहरेगी | 20.04 | ठहरेगी | 08.54 |
| शिमुराली | ठहरेगी | 20.12 | ठहरेगी | 08.45 |
| चाकदह | ठहरेगी | 20.17 | ठहरेगी | 08.40 |
| रानाघाट | 20.32 | - | - | 08.29 ↑ |

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

**सियालदह–हासनाबाद खंड में नई लोकल ट्रेन की शुरुआत और सेवा का विस्तार**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **दिनांक 15.06.2026 से 33431 अप सियालदह – बारासात लोकल** का विस्तार **हासनाबाद** तक किया जाएगा एवं हासनाबाद और बारासात के बीच एक नई ईएमयू ट्रेन सेवा अर्थात **33328 डाउन हासनाबाद – बारासात लोकल** शुरू की जाएगी। विस्तार के बाद और नई ट्रेन सेवा की विस्तृत समयसूची निम्नानुसार होगी:

| स्टेशन | सेवा का विस्तार: 33431 अप सियालदह – हासनाबाद लोकल | | नई ट्रेन सेवा: 33328 डाउन हासनाबाद – बारासात लोकल | |
|---|---|---|---|---|
| | आ. | प्र. | आ. | प्र. |
| सियालदह | – | 08.58 | – | – |
| दमदम जंक्शन | ↓ 09.11 | 09.12 | – | – |
| बारासात | 09.42 | 09.43 | 16.39 | – |
| काजीपाड़ा | रुकेगी | 09.47½ | रुकेगी | 16.24½ |
| कड़ेया कदम्बगाछि | रुकेगी | 09.51 | रुकेगी | 16.21 |
| बहिरा कालीबाड़ी | रुकेगी | 09.54 | रुकेगी | 16.18 |
| सोण्डालिया | रुकेगी | 09.58 | रुकेगी | 16.14 |
| बेलियाघाटा रोड | रुकेगी | 10.02 | रुकेगी | 16.09½ |
| लेबूतला | रुकेगी | 10.05½ | रुकेगी | 16.06 |
| भासिला | रुकेगी | 10.09 | रुकेगी | 16.03 |
| हाड़ोया रोड | रुकेगी | 10.13½ | रुकेगी | 15.59 |
| कांकड़ा मिर्जा नगर | रुकेगी | 10.18 | रुकेगी | 15.55 |
| मालतीपुर | रुकेगी | 10.23 | रुकेगी | 15.50½ |
| घोड़ा रास घोना | रुकेगी | 10.26½ | रुकेगी | 15.47 |
| चम्पापुकुर | रुकेगी | 10.30 | रुकेगी | 15.43 |
| भयाब्ला हाल्ट | रुकेगी | 10.35 | रुकेगी | 15.39 |
| बसिरहाट | रुकेगी | 10.41½ | रुकेगी | 15.35½ |
| मतानिया अनंतपुर | रुकेगी | 10.44½ | रुकेगी | 15.32½ |
| मध्यमपुर | 10.47½ | 10.54 | रुकेगी | 15.28½ |
| निमदांड़ि | रुकेगी | 10.57 | रुकेगी | 15.25½ |
| टाकि रोड | रुकेगी | 11.00 | ↑ रुकेगी | 15.22½ |
| हासनाबाद | 11.06 | – | – | 15.20 |

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के कवि सुभाष यार्ड और कार शेड सहित महानायक उत्तम कुमार (छोड़कर) से कवि सुभाष (लेकर) के बीच किमी 16/18 से 25/11 तक अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रैक और ट्रैक बेड के रखरखाव के लिए जून 2028 तक जोनल अनुबंध। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.3,58,41,601.50, **बयाना राशि:** रु. 7,16,800/–, **समापन अवधि:** चौबीस (24) माह। **अंतिम तिथि और समय:** 07.07.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।
संक्षिप्त ई–निविदा सूचना सं. : सिविल–2592–2026–(खुली)

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा सियालदह मंडल के तहत मध्यमग्राम रेलवे स्टेशन में डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग जगह के निर्माण, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करने हेतु **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एमएसएस-डीएल-सीडब्ल्यूएस-जून। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 24.06.2026 को 12.00 बजे। प्रत्याशित बोलीदाताओं से विस्तृत विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (SDAH-78/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/11/26/13, दिनांक 09.06.2026.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा प्रपत्र की लागत ₹ | अर्नेस्ट मनी डिजाजिट ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11265161 | 08.07.2026 | 10.30 | 00 | 17,49,150/- |

**विवरण: 1.** सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, शेड और विंच सहित, विनिर्देश COFMOW/IR/CNC-UFWL (BG)/WITH WORKS/2019 के अनुसार टर्नकी आधार पर, सहायक उपकरण, संबंधित कार्य, रखरखाव उपकरण और विंचिंग व्यवस्था सहित, 5 साल की वार्षिक वार्षिक रखरखाव के साथ। **(i) सीएनसी की आपूर्ति:** विनिर्देश COFMOW/IR/CNCUFWL(BG)/WITH WORKS/2019 के अनुसार ईएलएस/बीएसपी में टर्नकी आधार पर शेड और विंच के साथ सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन की आपूर्ति। **(ii) सभी सहवर्ती/वैकल्पिक सहायक उपकरण:** सभी सहवर्ती सहायक उपकरण: विनिर्देश के खंड IV के पैरा 4.2 और पैरा 4.3 के अनुसार। **(iii) सहवर्ती कार्य:** विनिर्देश के खंड IV के पैरा 4.2.2 के अनुसार। **(iv) नींव स्थापना:** विनिर्देश के खंड V के पैरा 11 और 12 के अनुसार। **(v) वार्षिक रखरखाव:** विनिर्देश के खंड V के पैरा 17 के अनुसार। **(vi) निविदा एवं शर्तों के लिए विशेष नियम एवं शर्तें:** निविदा की विशेष शर्तों या विनिर्देश के अनुसार। **(vii)** संबंधित विनिर्देश और अनुलग्नक संलग्न विनिर्देश के अनुसार। **विवरण: 2.** वारंटी के बाद सीएएमसी में सभी स्पेयर पार्ट्स, उपभोग्य वस्तुएं, श्रम, निवारक और खराबी रखरखाव, और नींव का काम शामिल है, जो विनिर्देश खंड 17.0 के अनुसार स्पेयर पार्ट्स सहित 5 वर्षों के लिए है। निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं। **नोट:** विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक माना जाएगा।
सीपीआर/10/195 वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**खड़गपुर मंडल के तहत विज्ञापन अनुबंध के लिए ई–नीलामी सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं.: एडीवीटी–केजीपी–2026–05 दिनांक 12.06.2026**
राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित परिसंपत्तियों के लिए ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं–**नीलामी की तिथि: 29.06.2026 को 11.00 बजे से 14.00 बजे तक। नीलामी कैटलॉग सं.: एडीवीटी–केजीपी–26–05 (1)** (i) श्यामचक स्टेशन (ii) मेचेदा स्टेशन के अंदरूनी स्टेशन एरिया में बोर्ड, ग्लोसाइन, कियोस्क आदि के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) का प्रदर्शन। **2.** खड़गपुर मंडल में चलने वाली तीन (03) ईएमयू रेक की साइड वॉल (खिड़कियों और रेलवे के ज़रूरी निशानों को छोड़कर) के संपूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के ज़रिए वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **3.** ट्रेन नंबर 12837/12838 (हावड़ा–पुरी एक्सप्रेस) के एसी 3 टियर और स्लीपर कोचों के अंदरूनी खंड में आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार विनाइल स्टिकर चिपकाकर वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **4.** (i) आंदुल स्टेशन (ii) हिजली स्टेशन (iii) चेंगाइल स्टेशन (iv) मौरीग्राम स्टेशन (v) गिरीमैदान स्टेशन (vi) श्यामचक स्टेशन (vii) राधामोहनपुर स्टेशन (viii) कुलगाछिया स्टेशन (ix) शालीमार स्टेशन के आउट ऑफ होम एरिया में वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **5.** सांतरागाछी स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के पास दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में एक वीडियो वॉल/डिजिटल स्क्रीन की स्थापना, संचालन और रखरखाव द्वारा वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन, जो **https://www. ireps.gov.in/ वेबसाइट** में सूचित किए गए हैं। इच्छुक पार्टियों और ठेकेदारों को इस पर ध्यान देना चाहिए और ई–नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर वर्णित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-321) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/16, दिनांक 10.06.2026; वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत वीडियो वॉलों तथा ईएमयू रेकों के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार की संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-16; नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 25.06.2026 को 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं. एवं विवरण** क्रमशः निम्नलिखित हैं: एए/1; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकार प्रदान करना। एए/2; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), नबद्वीप धाम रेलवे स्टेशन के अस्थाई बुकिंग कार्यालय के निकट सर्कुलेटिंग क्षेत्र में रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकार प्रदान करना। एए/3; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर 3 वर्षों की अवधि के लिए रेलवे की जानकारी एवं वाणिज्यिक विज्ञापन के संचालन, रखरखाव एवं प्रदर्शन हेतु संविदा प्रदान करना। एए/4; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एजेड-ओएच-163-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), आजिमगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकार प्रदान करना। एए/5; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-ओएच-164-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), आरामबाग रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट सर्कुलेटिंग क्षेत्र में रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकार प्रदान करना। एबी/1; एडीवीटी-आईएनटीईएक्टी-एस1-ईएमयूआर15-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों वाली ईएमयू रेक (आर-15) की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों तथा अनिवार्य साइनेज छोड़कर) तथा कोचों के भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के माध्यम से 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार प्रदान करना। एबी/2; एडीवीटी-आईएनटीईएक्टी-एस1-ईएमयूरेक31-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों वाली ईएमयू रेक (आर-31) की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों तथा अनिवार्य साइनेज छोड़कर) तथा कोचों के भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के माध्यम से 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार प्रदान करना। एबी/3; एडीवीटी-आईएनटीईएक्टी-एस1-ईएमयूरेक32-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों वाली ईएमयू रेक (आर-32) की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों तथा अनिवार्य साइनेज छोड़कर) तथा कोचों के भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के माध्यम से 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार प्रदान करना। (HWH-153/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मुर्शिदाबाद हिंसा, एनआईए जांच का रास्ता साफ

❑ शुभेंदु सरकार ने पूर्ववर्ती ममता सरकार की आपत्ति ली वापस
❑ सुप्रीम कोर्ट में लंबित चुनौती हुई समाप्त

**कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण फैसला लिया है। शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार ने एनआईए की जांच के खिलाफ पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार द्वारा दायर आपत्ति वापस ले ली है। इस कदम के बाद मामले की जांच में एनआइए के सामने मौजूद कानूनी बाधाएं लगभग समाप्त हो गई हैं।

बेलडांगा हिंसा को लेकर पहले कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। उस समय विधानसभा में विपक्ष के नेता रहे शुभेंदु अधिकारी भी इस मामले के प्रमुख याचिकाकर्ताओं में शामिल थे। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्पष्ट किया था कि यदि केंद्र सरकार उचित समझे तो मामले की जांच एनआइए को सौंपी जा सकती है। अदालत ने राज्य सरकार को आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त केंद्रीय बलों की मांग करने की भी अनुमति दी थी।

हाई कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। हालांकि शीर्ष अदालत ने एनआइए जांच पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। इसके बाद भी केस डायरी और गिरफ्तार आरोपितों को एनआइए को सौंपने के मुद्दे पर राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसी के बीच लंबे समय तक टकराव बना रहा। मामला निचली अदालतों से होते हुए फिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद न्यायालय के



निर्देश पर आवश्यक दस्तावेज और आरोपितों को एनआइए के हवाले किया गया। गौरतलब है कि झारखंड में एक प्रवासी श्रमिक की मौत को लेकर विधानसभा चुनाव से पहले बेलडांगा में व्यापक हिंसा हुई थी। उस दौरान तोड़फोड़, रेल अवरोध, राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन और पत्रकारों पर हमले जैसी घटनाएं हुई थी।

## पार्थ चटर्जी के पुराने कार्यालय में पूजा के बाद मंत्री विशाल लामा ने संभाला कार्यभार

❑ गंगाजल छिड़ककर कार्यभार संभालने को लेकर नवान्न में दिनभर चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सचिवालय नवान्न में कई प्रतीकात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसी क्रम में शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार हो चुके पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का पूर्व कार्यालय नव नियुक्त राज्य मंत्री विशाल लामा को आवंटित किया गया है। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे लामा ने कार्यालय में प्रवेश से पहले पूजा-अर्चना कराई और गंगाजल का छिड़काव करवाने के बाद अपने दायित्व संभाले। कार्यालय का निरीक्षण करने के दौरान मंत्री को बताया गया कि यह वही कक्ष है, जहां पूर्व में पार्थ चटर्जी बैठते थे। इसके बाद उन्होंने विधिवत पूजा कराने का निर्णय लिया। पूजा संपन्न होने के बाद ही





उन्होंने कार्यालय में बैठकर कामकाज की शुरुआत की।

विशाल लामा ने कहा कि किसी भी नए और शुभ कार्य की शुरुआत पूजा-अर्चना से करना उनकी व्यक्तिगत परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद भी उन्होंने अपने कार्यालय में इसी प्रकार पूजा कर कार्यभार संभाला था। इसी बीच, नवान्न में एक अन्य घटना भी चर्चा का विषय बनी रही। सूचना एवं संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने अपने कार्यालय में पहुंचने के बाद वहां रखी कुर्सी बदलने का अनुरोध किया। यह कक्ष पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन के पास था। प्रशासन ने उनके अनुरोध पर नई कुर्सी उपलब्ध करा दी। नवान्न में एक ही दिन में सामने आई इन घटनाओं ने राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

### राहवीर योजना के प्रचार के लिए रैपिडो और केंद्र सरकार साथ आए

**कोलकाता :** मोबिलिटी प्लेटफॉर्म रैपिडो ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा अभियान 'राहवीर योजना' को देशभर में बढ़ावा देने की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। साझेदारी की घोषणा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में की गई। गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है और दुर्घटना पीड़ितों की समय पर मदद से कई जानें बचाई जा सकती हैं। रैपिडो ने बताया कि वह अपने 400 से अधिक शहरों में फैले नेटवर्क और तकनीकी प्लेटफॉर्म के जरिए राहवीर योजना के प्रति जागरूकता फैलाएगा।

## सरकार ने कर्मचारियों से अपने घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करने को कहा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने कर्मचारियों को केंद्र के विद्युत क्षेत्र सुधार कार्यक्रम के तहत अपने घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस आयुक्त समेत सभी विभागों के प्रमुखों, जिलाधिकारियों और संभागीय आयुक्तों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले कर्मचारियों को यह निर्देश देने को कहा गया है कि वे 'वेस्ट बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड' के तहत आने वाले इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया के दौरान सहयोग करें। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा 10 जून को जारी एक विज्ञप्ति



में कहा गया है कि यह पहल भारत सरकार की संशोधित (विद्युत) वितरण क्षेत्र योजना के तहत की जा रही है। इसका मकसद विद्युत क्षेत्र में सुधारों को गति देना और देश भर की बिजली वितरण कंपनियों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर मौजूदा 'पोस्ट-पेड' भुगतान प्रणाली के तहत काम करेंगे। हालांकि, मीटर लगने के बाद अगर लोग चाहें, तो वे 'प्री-पेड' प्रारूप का विकल्प चुन सकते हैं।

## बंगाल की जेलों में क्षमता से अधिक कैदी, बढ़ती भीड़ से प्रशासन की चिंता बढ़ी

❑ **राज्य की जेलों की कुल स्वीकृत क्षमता 21,929, जबकि बंद हैं 23,886 कैदी**
❑ **कई जेलों में क्षमता से दो-गुने तक पहुंची बंदियों की संख्या**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की जेलों में कैदियों की लगातार बढ़ती संख्या जेल प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राज्य की अधिकांश जेलें पहले से ही अपनी निर्धारित क्षमता से अधिक बंदियों को रखने के लिए मजबूर हैं और हाल के महीनों में गिरफ्तारियों के बढ़ते सिलसिले ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है, जिसके कारण कई जेलों में जगह की भारी कमी महसूस की जा रही है।राज्य में हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद विभिन्न मामलों में कार्रवाई तेज हुई है। इसके चलते जेलों में बंदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने हाल ही में कटाक्ष करते हुए कहा था कि राज्य में हालात ऐसे हैं कि जहां हाथ रखता हूं, दुर्गंध आती है और स्थिति ऐसी हो गई है कि ब्रिगेड परेड मैदान को भी जेल में बदलना पड़ सकता है। हालांकि यह राजनीतिक टिप्पणी थी, लेकिन जेलों में बढ़ती भीड़ को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है।

❑ **क्षमता से अधिक बंदियों से सुरक्षा और प्रबंधन की चुनौती**



जेल विभाग के अधिकारी भी दबी जुबान में स्वीकार कर रहे हैं कि बंदियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि ने प्रशासनिक दबाव बढ़ा दिया है। कई स्थानों पर कैदियों को सीमित जगह में एक साथ रखने की मजबूरी पैदा हो गई है। इससे न केवल बंदियों की रहने की स्थिति प्रभावित हो रही है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना भी कठिन होता जा रहा है। इधर, मानवाधिकार संगठनों ने जेलों में बढ़ती भीड़भाड़ पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। विभिन्न संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर अदालत का दरवाजा भी खटखटाया है और मामला कलकत्ता हाई कोर्ट में विचाराधीन है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्षमता से अधिक कैदियों को रखने से उनके बुनियादी अधिकार और जीवन स्तर प्रभावित हो सकते हैं।

पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में अदालत में दाखिल आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की 61 जेलों और सुधारगृहों की कुल स्वीकृत क्षमता 21,929 कैदियों की है। जिनमें केंद्रीय, जिला, उप-जेल, महिला तथा खुले सुधारगृह शामिल हैं। इसके विपरीत मार्च तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इन जेलों में 23,886 कैदी बंद थे। इनमें 17,642 विचाराधीन कैदी हैं, जिनके मामलों का निपटारा अभी अदालतों में लंबित है। आंकड़ों पर नजर डालें तो कई जेलों में स्थिति बेहद गंभीर है। सिलिगुड़ी जेल की क्षमता 190 कैदियों की है, जबकि वहां 634 बंदी हैं। मालदह जेल में 353 की क्षमता के मुकाबले 1,075 कैदी रखे गए हैं। जलपाईगुड़ी जेल में 867 की क्षमता के विरुद्ध 1,283 बंदी हैं। इसके अलावा बैरकपुर, बसीरहाट, हावड़ा, चंदननगर, झाड़ग्राम और अलीपुर महिला सुधारगृह में भी क्षमता से काफी अधिक कैदी रखे गए हैं।

## अवैध कब्जों पर बुलडोजर की कार्रवाई जारी, शालिमार कोयला डिपो में चला अभियान

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शालिमार कोयला डिपो क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया गया। पोर्ट ट्रस्ट की जमीन पर किए गए कथित अवैध कब्जों को हटाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान कई अवैध निर्माणों और अस्थायी ढांचों को हटाया गया। अभियान के समय बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन का कहना है कि



पोर्ट ट्रस्ट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। अधिकारियों के अनुसार, चिन्हित सभी अवैध कब्जों के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है।

## सियालदह मंडल में 15 जून से चलेंगी चार स्पेशल ईएमयू ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा 15 जून से 31 जुलाई 2026 तक (रविवार छोड़कर) चार विशेष ईएमयू ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, 03144 सोनारपुर-डायमंड हार्बर स्पेशल सुबह 6:05 बजे सोनारपुर से रवाना होकर 7:10 बजे डायमंड हार्बर पहुंचेगी। 03143 डायमंड हार्बर-सियालदह स्पेशल सुबह 7:22 बजे प्रस्थान कर 8:58 बजे सियालदह पहुंचेगी। वहीं, 03122 सियालदह-सोनारपुर स्पेशल सुबह 9:35 बजे सियालदह से चलकर 10:10 बजे सोनारपुर पहुंचेगी तथा 03121 कैनिंग-सोनारपुर स्पेशल सुबह 11:30 बजे कैनिंग से रवाना होकर 12:15 बजे



सोनारपुर पहुंचेगी। इसके अलावा, 34420 सियालदह-सोनारपुर लोकल को कैनिंग तक विस्तारित किया गया है। अब यह 34420 सियालदह-कैनिंग लोकल के रूप में सुबह 9:50 बजे सियालदह से रवाना होकर 11:05 बजे कैनिंग पहुंचेगी। साथ ही, 30511 अप सोनारपुर-चंपाहाटी लोकल के गरिया और बालीगंज के बीच स्थित मध्यवर्ती स्टेशनों पर समय-सारिणी में संशोधन किया गया है।

### अमेज़न पर दोपहिया वाहनों की बिक्री दोगुनी, छोटे शहर बने ग्रोथ का आधार

**बेंगलुरु/कोलकाता :** ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न इंडिया ने कहा है कि उसके दोपहिया वाहन स्टोर की बिक्री में साल-दर-साल दो गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी में टियर-2 और टियर-3 शहरों के ग्राहकों की प्रमुख भूमिका रही है। कंपनी के अनुसार, अमेज़न डॉट इन पर हर तीन में से दो दोपहिया वाहन खरीदार छोटे शहरों से आते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के 10 में से सात खरीदार महानगरों से बाहर के हैं। पिछले 12 महीनों में 2,300 से अधिक टियर-3 शहरों के ग्राहकों ने पहली बार अमेज़न के माध्यम से दोपहिया वाहन खरीदा। अमेज़न इंडिया के निदेशक अमन लोहान ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ग्राहकों को विभिन्न ब्रांडों, कीमतों और ईंधन विकल्पों की तुलना करने की सुविधा देता है। कंपनी के अनुसार, प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री में करीब पांच गुना वृद्धि हुई है, जबकि कम्यूटर बाइक और इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग भी तेजी से बढ़ी है।

### बंधन बैंक और सेंट्रम फिनवर्स ने लॉन्च किया 3-इन-1 निवेश प्लेटफॉर्म

**कोलकाता :** बंधन बैंक ने सेंट्रम ग्रुप की फुल-सर्विस ब्रोकरेज कंपनी सेंट्रम फिनवर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी कर ग्राहकों के लिए 3-इन-1 अकाउंट लॉन्च करने की घोषणा की है। इस सुविधा के तहत बैंकिंग, डीमैट और ट्रेडिंग सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी।इस नई सेवा के माध्यम से ग्राहक बंधन बैंक की शाखाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए आसानी से और पेपरलेस तरीके से बैंकिंग, डीमैट तथा ट्रेडिंग खाते खोल सकेंगे। निवेशकों को शेयर, आईपीओ, ईटीएफ, डेरिवेटिव्स और इंडेक्स सहित विभिन्न निवेश विकल्पों तक पहुंच मिलेगी। साथ ही उन्नत ट्रेडिंग सुविधाएं जैसे चार्ट-आधारित निष्पादन, एल्गोरिथमिक रणनीतियां और मार्जिन लेवरेज भी उपलब्ध होंगे।बंधन बैंक के एमडी एवं सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी ग्राहकों को अधिक सुलभ, समावेशी और सुविधाजनक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं सेंट्रम ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जसपाल बिंद्रा ने कहा कि यह पहल निवेश के अवसरों को अधिक लोगों तक पहुंचाने और निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद करेगी।बैंक के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म तेजी से बढ़ रहे भारतीय निवेश बाजार में ग्राहकों को सुरक्षित, सहज और एकीकृत निवेश अनुभव प्रदान करेगा।

### पिरूज खंबाटा ने पुस्तक लॉन्च की, उद्यमिता कोष की घोषणा

**मुंबई/कोलकाता :** रसना ग्रुप के चेयरमैन पिरूज अरीज खंबाटा ने अपनी नई पुस्तक 'अशोई: द जोरास्ट्रियन आर्ट ऑफ सक्सेस एंड इमॉर्टैलिटी' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं और उभरते उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नए उद्यमिता कोष की भी घोषणा की। कार्यक्रम मुंबई के ताज महल पैलेस में आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पुस्तक में जोरोएस्ट्रियन धर्म की प्राचीन शिक्षाओं पर आधारित 51 सिद्धांतों को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर वर्ल्ड जरथुष्टि चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से एक नए एंटरप्रेन्योरशिप फंड की शुरुआत की गई। पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को भारत में उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करना तथा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में योगदान देना है। खंबाटा ने कहा कि यह पुस्तक केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि बेहतर जीवन और सफल नेतृत्व की एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका है।

### 'फॉर्म एंड ह्यू' प्रदर्शनी का शुभारंभ, युवा कलाकारों की कृतियों ने खींचा ध्यान



**कोलकाता :** ललितकला अकादमी रीजनल सेंटर, कोलकाता के नए प्रदर्शनी कक्ष में 10 जून से दस युवा चित्रकारों एवं मूर्तिकारों की समूह प्रदर्शनी 'फॉर्म एंड ह्यू' का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन ललितकला अकादेमी के सचिव डॉ. राघस कुमार मोहंती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध सितार वादक पार्थ प्रतिम राय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के संयोजक कलाकार सुब्रत पाल ने अपने जलरंग एवं ऐक्रेलिक कार्यों से विशेष प्रशंसा प्राप्त की। उनकी कृति 'कवितार जन्म' तथा युद्धोत्तर समाज को दर्शाने वाली पेंटिंग दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। मूर्तिकार बिनय दास की लकड़ी से निर्मित मुखौटे, लंबी महिला आकृतियां तथा लकड़ी-पत्थर की फूलदानी उल्लेखनीय हैं। पार्थ दास ने लोहे के टुकड़ों से घर, कॉलोनी और जलाशयों की प्रभावशाली संरचनाएं प्रस्तुत की हैं। चित्रकार सौकत पात्र ने अपनी 'जोकर' श्रृंखला में सामाजिक जीवन के उतार-चढ़ाव को दर्शाया है। प्रदर्शनी में मौमिता दास, पर्णा पुरकाइत, अम्बरीश ब्रह्मचारी, अर्घ भट्टाचार्य, पिनाकी मुखर्जी और शुभदेव बनर्जी भी भाग ले रहे हैं। यह प्रदर्शनी 16 जून तक चलेगी।

## आईआरएफसी की पहल से बी.आर. सिंह अस्प-ताल को मिलेंगी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) के सीएसआर कार्यक्रम के तहत बी.आर. सिंह अस्पताल में स्वास्थ्य अवसंरचना उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 2.64 करोड़ की लागत से अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना की जाएगी, जिससे रेलवे कर्मचारियों, पेंशनभोगियों एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसंरचना उन्नयन परियोजना का औपचारिक उद्घाटन 25 जून 2026 को आयोजित समारोह में किया जाएगा। यह परियोजना भारतीय रेलवे और भारतीय रेलवे वित्त निगम के मध्य संपन्न समझौता ज्ञापन के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है। आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज दुबे के नेतृत्व में संचालित इस पहल को सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनकल्याण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से आईआरएफसी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश कर रेलवे परिवार के कल्याण को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के मार्गदर्शन में संचालित इस संयुक्त पहल के अंतर्गत बी.आर. सिंह अस्पताल के विभिन्न विभागों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। कार्डियोलॉजी विभाग में नवीन सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम, एडवांस्ड एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन तथा उच्च क्षमता वाली इकोकार्डियोग्राफी मशीन स्थापित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, ईएनटी विभाग में अत्याधुनिक ईएनटी एंडोस्कोपीक सेट-4के तथा माइक्रो डेब्रीडर सेट की स्थापना की जाएगी। इन उपकरणों के माध्यम से रोगियों को अधिक सटीक, सुरक्षित एवं न्यूनतम हस्तक्षेप वाली शल्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज दुबे तथा मुख्य संरक्षक के रूप में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. नटराज बसप्पा, सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना, बी.आर. सिंह अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. देबाशीष गुहा तथा रेलवे के विभिन्न विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि आईआरएफसी के साथ यह सहयोग रेलवे परिवार को विश्वस्तरीय एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्व-पूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना से अस्पताल की चिकित्सा क्षमता में वृद्धि होगी तथा हजारों लाभार्थियों को बेहतर उपचार सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### मनुष्य का धन संचय सदुपयोगी होना चाहिए : आचार्य देवेश दीक्षित जी महाराज



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के विवेक बिहार में जागृति माहेश्वरी क्लब के तत्व-ावधान में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। आज कथा का चौथा दिन था। आज कथा में ठाकुर जी के सात अवतारों की कथा आचार्य श्री देवेश दीक्षित जी महाराज श्रीधाम वृन्दावन के श्रीमुख से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। भगवान के वामन अवतार की कथा हुई जिसमें यह बताया गया कि भगवान ने कैसे तीनों लोकों को दो पग में ही माप लिया। धन का सही उपयोग, सद्पुरुष और साधारण मनुष्य की जीवन शैली में अंतर मनुष्य के जीवन को सफल बनाते हैं। संस्कारपालित बच्चे आज के परिवेश में भी माता-पिता की सेवा कर अपना इहलोक और परलोक संवार सकते हैं। मत्स्य अवतार की कथा के बाद रामावतार में कैसे प्रभु श्री राम ने अहंकारी रावण का संहार किया, इसकी कथा हुई। कृष्णावतार में नन्द के आनंद भयो भजन का भक्ति में झूमकर भक्तों ने आनंद उठाया। भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन, माखन चोरी, कालिया नाग का फ़न पर नृत्य करने की कथा का शुभारंभ आज की कथा में होगा। इस अवसर पर कथा आयोजक नन्द किशोर लाखोटिया ने आनेवाले गणमान्य व्यक्तियों का गुरुजी से सम्मान कराया।

## हावड़ा में राहत सामग्री को लेकर विवाद, तृणमूल विधायक के गोदाम से सामान मिलने पर हंगामा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के सांकराईल क्षेत्र में शुक्रवार को सरकारी राहत सामग्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सारेंगा इलाके में स्थित तृणमूल कांग्रेस विधायक प्रिया पाल के एक गोदाम से बड़ी मात्रा में तिरपाल, कंबल, साड़ियां, धोतियां और अन्य कपड़े निकाले जाने के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, तीन मैटाडोर वाहनों में राहत सामग्री लादकर गोदाम से बाहर ले जाई जा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वाहनों को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सामग्री सरकारी राहत के रूप में जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित की जानी थी, लेकिन लंबे समय से गोदाम में रखी गई थी। उनका दावा है कि क्षेत्र के गरीब परिवारों को इसका लाभ नहीं मिला।

घटना की सूचना मिलने पर सांकराईल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत सामग्री से संबंधित सरकारी दस्तावेज ग्रामीणों को दिखाए। अधिकारियों ने बताया कि सामग्री को सरकारी प्रक्रिया के तहत हटाया जा रहा था, जिसके बाद स्थिति कुछ हद तक शांत हुई। हालांकि, विधायक के हीरापुर स्थित गैराज से भी तिरपाल मिलने की खबर के बाद ग्रामीणों ने उनके अन्य परिसरों की जांच की मांग की। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि राहत सामग्री को खुले बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी।

वहीं, विधायक प्रिया पाल ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि अवितरित राहत सामग्री को वापस लेने के लिए जिला प्रशासन को पहले ही पत्र भेजा गया था और प्रशासन के निर्देश पर ही सामग्री हटाई जा रही थी। उन्होंने किसी भी प्रकार की अनियमितता से इनकार किया।

### भाजपा के प्रशिक्षण अभियान की तैयारियों पर मंथन, आरामबाग में हुई बैठक



**हुगली :** भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक प्रशिक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को आरामबाग जिला मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 24 जून से 26 जुलाई तक चलने वाले राज्यव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवधि के दौरान विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों को संगठन, विचारधारा, जनसंपर्क तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से अधिक सक्षम बनाना है, ताकि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचा सकें। बैठक में आरामबाग जिला भाजपा अध्यक्ष सुशांत बेरा, विधायक मधुमिता, प्रशिक्षण शिविर के सह-संयोजक मनोज पांडेय तथा जिला प्रभारी साहेब दास सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के 'समर कैंप-2026' का रंगारंग समापन, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह और प्रतिभा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'समर कैंप-2026' का सफलतापूर्वक समापन शुक्रवार को अरुणोदय घोलेशापुर स्कूल में हुआ। यह शिविर 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजक, शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व विकास, सामाजिक कौशल और सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करना था।

इस शिविर में 4 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया, जिनमें अरुणोदय घोलेशापुर स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ रेलवे कर्मचारियों के बच्चे भी शामिल थे। प्रतिभागियों के लिए संगीत, नृत्य, योग, फायरलेस कुकिंग, ग्लास पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, टाई एंड डाई तथा मंडला आर्ट जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन किया। शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपने द्वारा सीखे गए कौशलों का शानदार प्रदर्शन किया।



बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और उत्साह की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, विशेष उपहार तथा फूड पैकेट वितरित किए गए।

समापन समारोह में ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की स्कूल प्रभारी रीता सिन्हा, सचिव गुंजन निगम सहित संगठन की अन्य कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने, अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने और नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

# चुनावी भाषण मामले में सीआईडी ने अभिषेक बनर्जी को नोटिस तामील कराया, 16 जून को पेश होने को कहा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की एक टीम ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को शुक्रवार को नोटिस तामील कराया, जिसमें उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान कथित रूप से दिए गए भड़काऊ बयान से जुड़े मामले में 16 जून को जांचकर्ताओं के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले सीआईडी की टीम अभिषेक बनर्जी के आवास पर गई ताकि नोटिस तामील कराया जा सके। सीआईडी की टीम दोपहर में यहां बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर पहुंची, लेकिन उस वक्त डायमंड हार्बर के सांसद वहां मौजूद नहीं थे। बनर्जी जांच एजेंसी की टीम के पहुंचने से थोड़ी देर पहले ही आवास से निकल चुके थे। परिवार के सदस्यों और कार्यालय के कर्मचारियों ने सीआईडी के अधिकारियों को बताया कि वह पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर एक बैठक में शामिल होने गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि लगभग दो घंटे इंतजार करने के बाद, अधिकारी फिर से आवास पर गये और नोटिस सीधे बनर्जी को सौंपने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि क्योंकि बनर्जी जांचकर्ताओं से नहीं मिले, इसलिए अंततः नोटिस उनके कार्यालय के एक कर्मचारी को सौंप दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'जारी जांच के तहत नोटिस विधिवत तामील करा दिया गया है। उन्हें 16 जून को जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है।' पश्चिम बंगाल विधानसभा में पार्टी के नेता विपक्ष के चयन से जुड़े फर्जी




हस्ताक्षर मामले में बृहस्पतिवार को कोलकाता में सीआईडी मुख्यालय में अभिषेक बनर्जी से लगभग छह घंटे पूछताछ की गई थी। यह मामला उनके द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए बयानों पर दर्ज की गई शिकायत से संबंधित है। अधिकारी ने कहा, 'यह शिकायत शुरुआत में बागुईआटी पुलिस थाने में दर्ज की गई थी और बाद में इसकी जांच बिधाननगर साइबर अपराध थाने द्वारा की गई और इसके बाद इसे सीआईडी को सौंप दिया गया।' उन्होंने कहा, 'जांच नियमानुसार की जा रही है। मामले के संबंध में एक नोटिस तामील कराया जाना था और उसी उद्देश्य से अधिकारी आवास पर गए थे।'

## हस्ताक्षर में हेरफेर का मामला: अभिषेक के जवाबों से बंगाल सीआईडी संतुष्ट नहीं, 14 जून को फिर बुलाया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी को कथित जाली हस्ताक्षर मामले में पूछताछ के दूसरे दौर के लिए 14 जून को पेश होने का नया समन जारी किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। माना जाता है कि यह कदम इसलिए उठाया गया, क्योंकि जांच अधिकारियों को एक दिन पहले विभाग मुख्यालय में हुई पूछताछ के दौरान तृणमूल महासचिव के जवाब संतोषजनक नहीं लगे। अधिकारी ने दावा किया कि विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए विवादित प्रस्ताव से जुड़े कई सवालों के जवाब में बनर्जी ने कहा 'मुझे नहीं पता' और कुछ मौकों पर वह कथित तौर पर आपा खो बैठे। उन्होंने कहा, 'पूछताछ के दौरान प्रस्ताव, इस पर किए गए हस्ताक्षर और सहायक दस्तावेज़ों से जुड़े कई सवालों का ठोस जवाब नहीं मिल सका। जांच टीम ने कुछ रिकॉर्ड मांगे थे, जो अभी तक पेश नहीं किए गए हैं। इसलिए, उन्हें रविवार को ज़रूरी दस्तावेज़ों के साथ फिर से पेश होने के लिए कहा गया है।' अधिकारी ने कहा कि जांचकर्ताओं ने इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा कि प्रस्ताव पर पार्टी की बैठक में कथित तौर पर अनुपस्थित रहे विधायकों के हस्ताक्षर कैसे आए, दस्तावेज़ पर किसने हस्ताक्षर किए थे और उसकी मूल प्रति कहाँ है। उन्होंने कहा, 'जांच मुख्यत: दस्तावेजों की प्रामाणिकता स्थापित करने और उन परिस्थितियों का पता लगाने पर केंद्रित है, जिनके तहत इन्हें तैयार और जमा किया गया था। किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले अभी और सत्यापन की आवश्यकता है।'

## अभिषेक ने जांच से बचने के आरोपों को खारिज किया

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि वह कभी किसी जांच से पीछे नहीं हटे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का भी आरोप लगाया। अभिषेक का ये बयान ऐसे समय में आया, जब विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए कथित भड़काऊ भाषण के सिलसिले में उन्हें बंगाल सीआईडी द्वारा नोटिस देने का प्रयास किया गया है। सीआईडी की टीम के अभिषेक के कालीघाट स्थित घर पर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, डायमंड हार्बर के सांसद ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच एजेंसियों का सहयोग किया है। तृणमूल नेता ने सुझाव दिया कि अधिकारी उनके घर आने से पहले उन्हें पहले से सूचित करें। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने यहां पत्रकारों से कहा, 'मैंने कभी किसी जांच से बचने की कोशिश नहीं की। चाहे ईडी हो, सीबीआई हो या सीआईडी, जब भी मुझे बुलाया गया, मैं पेश हुआ और सहयोग किया।' विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चयन से जुड़े फर्जी हस्ताक्षर मामले में बृहस्पतिवार को सीआईडी के सामने पेश होने का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने लगभग साढ़े पांच घंटे सवालों के जवाब दिये। उन्होंने कहा, 'कल ही सीआईडी ने मुझसे पांच घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की और मैंने पूरा सहयोग किया। अगर मैं घर पर नहीं होता, तो घर पर मौजूद किसी व्यक्ति को नोटिस दिया जा सकता था। चूंकि वे ऐसा करने को तैयार नहीं थे, इसलिए उन्हें मेरे लौटने तक इंतजार करना पड़ा।' अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'हमारी नेता के घर पर बैठक पहले से ही तय थी। मैं घर पर नहीं था। मेरा बस इतना सा अनुरोध है कि अगली बार आने से पहले मुझसे संपर्क कर लें।' मामले के आधार पर सवाल उठाते हुए बनर्जी ने पूछा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। बनर्जी ने कहा, 'अगर चार मई के बाद तेज अवाज में संगीत बजाने की बात कहने पर मेरे खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, तो अमित शाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं दर्ज की गई, जब उन्होंने कहा था कि टीएमसी कार्यकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए 'उल्टा लटकाया' जाएगा?'

## कल्याण की आलोचना के बीच अभिषेक ने सुलह का रुख अपनाया

तृणमूल कांग्रेस में जारी संकट के बीच वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी की आलोचनाओं का सामना कर रहे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को सुलह का रुख अपनाया। अभिषेक ने श्रीरामपुर के सांसद को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि कल्याण ने उन्हें आगे बढ़ाया है और इसलिए पार्टी सांसदों को उनकी आलोचना करने का पूरा अधिकार है। कल्याण बनर्जी द्वारा अभिषेक की नेतृत्व शैली पर सवाल उठाए जाने, उन पर घमंड का आरोप लगाने और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अपने भतीजे तथा उनके जैसे वरिष्ठ नेताओं में से किसी एक को चुनने का अल्टीमेटम दिए जाने के 24 घंटे से भी कम समय में सुलह की यह पहल सामने आई। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की बैठक के बाद ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास से निकलते हुए अभिषेक ने पत्रकारों से कहा, ''कल्याण बनर्जी ने मुझे बड़ा होते देखा है। वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें मुझसे कुछ कड़े शब्द कहने का पूरा अधिकार है। इस पर बेवजह विवाद खड़ा करने की कोई वजह नहीं है।''

## 4,000 ईवीएम जलने पर सियासी घमासान, विपक्षी दलों ने उठाए सवाल

### तृणमूल ने घटना की पीछे साजिश की ओर किया इशारा

**कोलकाता :** राजधानी कोलकाता के अलीपुर इलाके में एक बहुमंजिला सरकारी भवन में बुधवार को भीषण अग्निकांड में करीब 4,000 ईवीएम मशीनों के जलने की घटना पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। घटना के बाद विपक्षी दलों तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को एक्स पर आग का एक वीडियो साझा कर दावा किया कि घटना में चार हजार कंट्रोल यूनिट, चार हजार बैलेट यूनिट और चार हजार वीवीपैट मशीनें नष्ट हुई हैं, जो कई महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित थीं। तृणमूल ने इसके पीछे साजिश की ओर इशारा करते हुए जांच की मांग की। वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है।

कांग्रेस ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि आग कैसे लगी और ऊपरी मंजिलों तक कैसे पहुंची।

इससे पहले राज्य के दमकल राज्यमंत्री कौशिक चौधरी ने गुरुवार को कहा था कि आग सामान्य नहीं लग रही और इसकी साजिश के एंगल से भी जांच की जा रही है। उनका कहना है कि कुछ मंजिलों को कम नुकसान पहुंचा जबकि आग सीधे ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गई, जिससे संदेह पैदा होता है। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

## हावड़ा में प्राकृतिक एवं जैविक कृषि पर कार्यशाला आयोजित, 400 से अधिक किसानों ने लिया भाग




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के उप कृषि निदेशक (प्रशासन) के नेतृत्व में शुक्रवार को हावड़ा जिले के उलुबेड़िया महकमा स्थित रवीन्द्र भवन में प्राकृतिक कृषि एवं जैविक कृषि विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करना तथा रासायनिक कृषि के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। विशेषज्ञों ने अपने वक्तव्यों में कहा कि लंबे समय से रासायनिक कीटनाशकों एवं उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग के कारण न केवल कृषि भूमि की उर्वरता प्रभावित हुई है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस कार्यशाला में लगभग 400 किसानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर हावड़ा जिले की जिलाधिकारी, एसडीओ, उप कृषि निदेशक (प्रशासन), जिला, महकमा एवं ब्लॉक स्तर के विभिन्न कृषि अधिकारी, विधायक तथा विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीत वंदे मातरम् से हुई। इसके बाद तीन प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों तथा उनके लाभों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया।

# बीजेपी मंत्री से संपर्क की कोशिश में रचना, हुगली की तृणमूल सांसद ने बढ़ाई अटकलें

**हुगली :** 2024 के लोकसभा चुनाव में हुगली लोकसभा सीट से अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार रचना बनर्जी ने चुनाव लड़ा था। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी को हराकर जीत हासिल की थी।

लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ और बीजेपी सरकार बनी। 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद रचना बनर्जी को भगवा अबीर लगाए बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते देखा गया। तभी से उनके राजनीतिक रुख को लेकर अटकलें शुरू हो गई थीं। बाद में दिल्ली में तृणमूल के बागी सांसदों के समूह में उनका नाम जुड़ने की चर्चा



ने इन अटकलों को और हवा दी। अब एक नया घटनाक्रम सामने आया है। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की राज्य मंत्री तथा बलागढ़ की विधायक सुमना सरकार से सांसद रचना बनर्जी ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की है।बलागढ़ विधानसभा क्षेत्र हुगली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। खबरों के अनुसार, रचना बनर्जी ने मंत्री सुमना सरकार के कार्यालय जाकर उन्हें शुभकामनाएं देने की इच्छा जताई थी। हालांकि, सुमना सरकार का दावा है कि उन्होंने इस पहल का कोई जवाब नहीं दिया। सुमना सरकार ने कहा वह एक जनप्रतिनिधि और सांसद हैं। उन्होंने केवल शिष्टाचारवश संदेश भेजना चाहा था। लेकिन मेरे लिए मेरी पार्टी सबसे बड़ी है। मैं पार्टी की गाइडलाइन के बाहर जाकर कुछ नहीं कर सकती। मैंने हमेशा पार्टी के निर्देशों का पालन किया है। यदि पार्टी की ओर से कोई निर्देश आएगा तो निश्चित रूप से मैं बात करूंगी।

मेरे विधानसभा क्षेत्र का हर कार्यकर्ता मेरे लिए अमूल्य है। उन्होंने संघर्ष किया है और उनकी राय को महत्व दिया जाना चाहिए। कई लोग मुझसे संपर्क करना चाहते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेना भी जरूरी है। रचना बनर्जी के पीए ने मुझे फोन किया था और बताया था कि वह मेरे कार्यालय आना चाहती हैं। मेरे कार्यकर्ता जो उचित समझेंगे, वही किया जाएगा। इस मामले में सांसद रचना बनर्जी से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसलिए उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

## आरामबाग नगर पालिका भ्रष्टाचार मामले में पूर्व चेयरमैन गिरफ्तार, 7 करोड़ से अधिक की अनियमितताओं का आरोप

**हुगली :** हुगली ग्रामीण पुलिस को आरामबाग नगर पालिका से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन स्वपन कुमार नंदी को गिरफ्तार किया है। उन पर ग्रीन सिटी मिशन परियोजना के तहत स्कूलों में सोलर पैनल लगाने के कार्य में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता, सरकारी धन के दुरुपयोग और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर 26 मई 2026 को मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान 7 करोड़ से अधिक की सरकारी राशि में अनियमितता हुई है। जांच में सामने आया कि कथित रूप



से नियमों का उल्लंघन कर ठेके आवंटित किए गए, अधूरे कार्यों के बावजूद बार-बार समयावधि बढ़ाई गई तथा काम पूरा न होने के बावजूद पूरी भुगतान राशि जारी कर दी गई। आरोप यह भी है कि बिना उचित सत्यापन के कार्य पूर्ण होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। ऑडिट और भौतिक सत्यापन के दौरान कई सोलर पैनल स्थापना कार्यों में गंभीर गड़बड़ियां पाई गईं। कुछ स्थानों पर पैनल गैर-कार्यशील मिले, जबकि कुछ इंस्टॉलेशन केवल कागजों में दर्ज पाए गए। इससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हुगली ग्रामीण पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रभावी जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया था। पुलिस ने बताया कि 12 जून 2026 को सिंगूर थाना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की संयुक्त टीम ने केरल के तिरुवनंतपुरम ग्रामीण पुलिस जिले के कंजीरामकुलम थाना क्षेत्र में छापेमारी कर फरार चल रहे आरोपी स्वपन कुमार नंदी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

## सेंटरफ्रूट का नया कैंपेन, फिर गूंजा 'कैसी जीभ लपलपाई'

**कोलकाता :** परफेटी वैन मेल इंडिया के लोकप्रिय ब्रांड सेंटरफ्रूट ने अपने चर्चित अभियान 'कैसी जीभ लपलपाई' को नए अंदाज में पेश किया है। नए विज्ञापन में भारतीय शादी की पृष्ठभूमि पर हास्य और रोमांच का अनोखा मिश्रण दिखाया गया है। विज्ञापन की कहानी में शादी के दौरान हुई एक चोरी को पकड़ने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालती है। इसी दौरान सेंटरफ्रूट की एंट्री होती है और घटनाएं इतनी तेजी से आगे बढ़ती हैं कि पुलिस रिकॉर्ड समय में चोर तक पहुंच जाती है। परफेटी वैन मेल इंडिया के मार्केटिंग डायरेक्टर गुंजन खेतान ने कहा कि पिछले वर्ष अभियान की सफलता के बाद ब्रांड ने इसे और मनोरंजक रूप में आगे बढ़ाया है। वहीं विज्ञापन निर्देशक प्रसून पांडेय ने इसे अब तक के सबसे मजेदार और क्रेजी विज्ञापनों में से एक बताया। ओगिल्वी इंडिया के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर अनुराग अग्निहोत्री ने कहा कि यह फिल्म शुद्ध मनोरंजन और मस्ती से भरपूर है। ब्रांड का लक्ष्य ग्राहकों को 'जीभ लपलपाई' वाले यादगार अनुभव से जोड़ना है।

## लावा ने कोलकाता में 'इनसाइडर्स मीट' का आयोजन

**कोलकाता :** भारतीय मोबाइल फोन निर्माता लावा इंटरनेशनल ने कोलकाता में 'इनसाइडर्स मीट' कार्यक्रम का आयोजन कर अपने नवीनतम स्मार्टफोन, फीचर फोन, टीडब्ल्यूएस डिवाइस और एक्सेसरीज़ का प्रदर्शन किया। लावा के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी का स्मार्टफोन कारोबार पिछले वर्ष 50 प्रतिशत बढ़ा है। देशभर में कंपनी की पहुंच 1.10 लाख से अधिक रिटेल आउटलेट्स तक है। कंपनी इस वर्ष अपनी रिटेल पहुंच और स्मार्टफोन बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। लावा ने 'मेड इन इंडिया' नवाचार, ब्लोटवेयर-फ्री एंड्रॉयड अनुभव और 'सर्विसहोम' जैसी सुविधाओं पर भी जोर दिया। पूर्वी भारत को कंपनी ने अपने प्रमुख बाजारों में से एक बताया।

## सरकारी राहत सामग्री की बरामदगी, दो आरोपी गिरफ्तार

❑ **हथियार दिखाकर धमकाने का भी आरोप**

**हुगली :** हुगली जिले के धनियाखाली थाना क्षेत्र में सरकारी राहत सामग्री के कथित अवैध भंडारण और परिवहन के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में हथियार के बल पर धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, एक लिखित शिकायत के आधार पर धनियाखाली थाना में 12 जून 2026 को मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कोटालपुर क्षेत्र स्थित एक परिसर में तिरपाल, कंबल, बेडशीट, डस्टबिन, फुटबॉल तथा अन्य सरकारी राहत सामग्री अवैध रूप से जमा कर रखी गई थी और उन्हें कहीं अन्यत्र ले जाने की तैयारी चल रही थी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर आग्नेयास्त्र दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना मिलते




ही धनियाखाली थाना के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए बड़ी मात्रा में संदिग्ध सरकारी राहत सामग्री बरामद कर जब्त कर ली। मामले की जांच उप-निरीक्षक (एसआई) कौशिक पाल को सौंपी गई है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान चित्तरंजन मंडल (54) और हरिपद मलिक (48) के रूप में हुई है। दोनों कोटालपुर गांव के निवासी हैं और धनियाखाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उनसे पूछताछ और मामले की गहन जांच के लिए 10 दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद सामग्री की वास्तविक उत्पत्ति, उसके भंडारण के उद्देश्य तथा कथित अवैध गतिविधियों में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। मामले की जांच जारी है और आगे और गिरफ्तारियां होने की संभावना से इंकार नहीं किया गया है।

## हुगली नदी के नीचे बनेगी अंडरवाटर टनल, कोलकाता में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

❑ **करीब 8,000 करोड़ रुपये की परियोजना से परिवहन व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा**

❑ **कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में यातायात दबाव कम करने की कवायद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में नई भाजपा सरकार के गठन के बाद बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम शुरू हो गया है। इसी कड़ी में राज्य सरकार कोलकाता में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए हुगली नदी के नीचे एक अंडरवाटर टनल बनाने की योजना पर विचार कर रही है। प्रस्तावित परियोजना को कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के सहयोग से विकसित किए जाने की संभावना है।



ग्रीन लाइन मेट्रो की तरह यह सुरंग भी हुगली नदी के नीचे से गुजरेगी, लेकिन इसका उपयोग सड़क यातायात के लिए किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार, कोलकाता से आलमपुर तक लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी टनल बनाई जा सकती है। परियोजना में एलिवेटेड कॉरिडोर, रेल ओवरब्रिज तथा संपर्क मार्गों का भी निर्माण शामिल है। इसे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 से जोड़ने की योजना है, जबकि भविष्य में वाराणसी-कोलकाता इकोनॉमिक कॉरिडोर से भी इसका संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, पहले हुगली नदी पर विद्यासागर सेतु की तर्ज पर एक और पुल बनाने की योजना थी, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सकी। अब आधुनिक परिवहन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नदी के नीचे सुरंग निर्माण के विकल्प पर जोर दिया जा रहा है।

परियोजना के लागू होने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट आने-जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे विद्यासागर सेतु पर यातायात का दबाव कम होने के साथ जाम और दुर्घटनाओं की समस्या में भी कमी आने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने हाल ही में संकेत दिया था कि इस परियोजना का प्रस्ताव प्रशासनिक समीक्षा बैठक में सामने आया था। राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े इस प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बताया जा रहा है कि संबंधित केंद्रीय एजेंसियों ने परियोजना के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं।

– ट्रैफिक के साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी मिलेगा बढ़ावा

विशेषज्ञों का मानना है कि टनल परियोजना पूरी होने के बाद न केवल कोलकाता की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट की उपयोगिता और क्षमता में भी वृद्धि होगी। इससे माल परिवहन सुगम होगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य की औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिल सकती है।

# श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब से भारी मात्रा में राहत सामग्री बरामद, गंगासागर प्रसाद मिलने पर विवाद

❑ **साड़ियों, बाल्टियों, तिरपाल समेत कई सामान मिले; भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप**

**कोलकाता :** पूर्व मंत्री सुजीत बसु से जुड़े श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब से बड़ी मात्रा में राहत सामग्री बरामद होने के बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया है। स्थानीय लोगों की मौजूदगी में क्लब परिसर से साड़ियां, बाल्टियां, तिरपाल, पीतल के बर्तन, फुटबॉल तथा अन्य सामान मिलने का दावा किया गया है। इसके साथ ही गंगासागर का प्रसाद भी बड़ी मात्रा में बरामद होने की बात सामने आई है।

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप




लगाया है कि जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित किए जाने वाले राहत सामग्री और प्रसाद को लोगों तक पहुंचाने के बजाय क्लब परिसर में जमा करके रखा गया था। हालांकि इन आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

स्थानीय निवासियों का दावा है कि क्लब से बरामद कई वस्तुएं विधायक निधि तथा नगर निगम द्वारा स्वीकृत धनराशि से खरीदी गई थीं। आरोप है कि इन सामग्रियों को आम लोगों के बीच वितरित करने के बजाय क्लब में ही संग्रहित रखा गया। हालांकि इन वस्तुओं को किस उद्देश्य से रखा गया था, इसे लेकर अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

इस घटना के बाद पूर्व मंत्री अरूप विश्वास से जुड़े सुरुचि संघ क्लब का मामला भी फिर चर्चा में आ गया है। वहां भी हाल के दिनों में राहत सामग्री बरामद होने का दावा किया गया था। स्थानीय लोगों ने क्लब के ऊपरी तल पर बिस्तर, वातानुकूलन की व्यवस्था तथा सुविधासंपन्न शौचालय होने का आरोप लगाया था। इसके अलावा वहां से सरकारी योजना के तहत वितरित होने वाली पानी की बोतलें मिलने का भी दावा किया गया था, जिसे लेकर व्यापक राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ था।

इसी तरह हाल ही में पूर्व तृणमूल विधायक अदिति मुंशी के कार्यालय में भी राहत सामग्री जमा होने के आरोप सामने आए थे। भाजपा विधायक तरुणज्योति तिवारी के नेतृत्व में वहां पहुंची टीम ने सरकारी योजनाओं से संबंधित साड़ियां, बच्चों के कपड़े तथा अन्य सामग्री बरामद करने का दावा किया था। साथ ही कुछ धारदार हथियार मिलने की बात भी कही गई थी।

इसके अतिरिक्त राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका के वार्ड संख्या 23 की तृणमूल पार्षद चंद्रा घोषाल के कार्यालय से भी राहत सामग्री जब्त किए जाने की खबर सामने आई थी। लगातार सामने आ रहे इन मामलों को लेकर विपक्ष राज्य में सरकारी संसाधनों और राहत सामग्री के उपयोग पर सवाल उठा रहा है।

बरामद सामानों की वास्तविक स्थिति, उनके स्रोत और उपयोग को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जांच की मांग भी तेज हो गई है। राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच एजेंसियां इन मामलों में क्या निष्कर्ष निकालती हैं।

## कोलकाता में फरार तृणमूल पार्षद के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के पार्षद सुशांत घोष और चार अन्य लोगों के खिलाफ यहां फुटपाथ पर एक स्टॉल (दुकान) 3.5 लाख रुपये में बेचने के मामले में जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह प्राथमिकी दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके के एक निवासी द्वारा आनंदपुर थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता नवंबर 2022 में अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए एक दुकान की तलाश कर रहा था। इसी दौरान घोष और उनके सहयोगियों ने आनंदपुर रोड पर रूबी क्रॉसिंग के पास फुटपाथ पर सात फुट का एक स्टॉल दिलाने का कथित तौर पर वादा किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता को कथित रूप से एक 'फर्जी' नगर निगम लाइसेंस उपलब्ध कराया और प्रस्तावित दुकान के बदले उससे 3.5 लाख रुपये ले लिए। प्राथमिकी में कहा गया है कि पैसा लेने के बाद आरोपियों ने अपना रुख बदल लिया। वादा की गई सात फुट की दुकान देने के बजाय उन्होंने शिकायतकर्ता को चार फुट का एक छोटा-सा स्टॉल स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा है कि उस स्टॉल का उपयोग रूबी मार्केट कमेटी द्वारा एम्बुलेंस कक्ष के रूप में किया जा रहा था और उसके पास कोई वैध सरकारी लाइसेंस नहीं था। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमें लिखित शिकायत प्राप्त हुई है और प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपों की जांच की जा रही है और मामले के सभी पहलुओं की कानून के अनुसार पड़ताल की जाएगी।' उन्होंने कहा कि आरोपों में धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और जालसाजी शामिल हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह पार्षद और उसके सहयोगियों के डर से वर्षों तक चुप रहा। घोष आनंदपुर थाने में उनके खिलाफ दर्ज एक अन्य मामले में भी फरार बताए जा रहे हैं।

ईएम बाइपास-रूबी क्रॉसिंग के पास काम करने वाले एक फेरीवाला संघ के सदस्यों ने 29 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि पार्षद फुटपाथ पर दुकान लगाने की अनुमति देने के बदले तीन से चार लाख रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे थे। शिकायतकर्ताओं का दावा था कि इस तरीके से फेरीवालों से लगभग तीन करोड़ रुपये वसूले गए और उन्होंने मामले में पुलिस हस्तक्षेप की मांग की थी।

## राजस्थान के कई इलाकों में तेज आंधी व बारिश का अनुमान

**जयपुर:** राजस्थान में भीषण गर्मी के दौर के बीच मौसम विभाग ने अनेक जगह तेज आंधी चलने व बारिश का अनुमान व्यक्त किया है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।आज दिन में जैसलमेर में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इसके अलावा यह फलोदी में 43.8 डिग्री, फतेहपुर में 43.0 डिग्री, बाड़मेर में 42.7 डिग्री, बीकानेर में 42.4 डिग्री, चूरू में 42.3 डिग्री व सीकर में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जगह बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। पिछले 24 घंटे की अवधि में बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश हुई।इसके असर से 13 व 14 जून को बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलेगी। साथ ही कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

## देवी-देवताओं और सवर्ण समाज पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बलरामपुर:** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में देवी-देवताओं और सवर्ण समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस के अनुसार, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बहादुरापुर गांव निवासी प्रभु दयाल (36) पर हिंदू देवी-देवताओं और सवर्ण समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।पुलिस के अनुसार, सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष अभय कुमार शुक्ला की तहरीर पर देहात कोतवाली में प्रभु दयाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।थानाध्यक्ष गिरजेश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ आईटी अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## राम मंदिर के बनने से अब तक के सभी वित्तीय लेन-देन और संपत्ति को सार्वजनिक किया जाए: भाजपा नेता

**अयोध्या:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रजनीश सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी को लेकर हो रहे विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के बनने के समय से लेकर अब तक के सभी वित्तीय लेन-देन और संपत्ति को सार्वजनिक करने की मांग की।सिंह ने शुक्रवार को भेजे पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वह ट्रस्ट को निर्देश दें कि न्यास अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सभी आय, खर्च, दान, बैंक खातों, जमीन के लेन-देन और संपत्तियों का विवरण सार्वजनिक करे।उन्होंने भगवान राम को सत्य, धर्म और जन-कल्याण का प्रतीक बताते हुए कहा कि राम के नाम पर काम करने वाली संस्थाओं को पारदर्शिता के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए।

## पीजी की सीढ़ियों पर खून से लथपथ 19 साल की छात्रा का शव मिला, प्रेमी गिरफ्तार

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लड़कों के पेइंग गेस्ट (पीजी) की सीढ़ियों पर खून से लथपथ 19 वर्षीय एक छात्रा का शव मिलने के बाद उसके प्रेमी को जौनपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्रा की मौत की वजह ज्यादा खून बहने से हुई बताई गयी है। पुलिस के अनुसार, अकथा के एक पीजी में रहने वाले आरोपी ने कबूल किया कि छात्रा बुधवार सुबह उससे मिलने आई थी और शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे अचानक बहुत ज्यादा रक्तस्राव शुरू हो गया, जिससे वह बेहोश हो गई।पुलिस ने बताया कि आरोपी घबराकर उसे सीढ़ियों पर छोड़कर जौनपुर अपने घर भाग गया था।सारनाथ थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को जौनपुर में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि छात्रा के परिजनों से शिकायत मिलने और मामला दर्ज होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अधिकारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस छात्रा की मौत की परिस्थितियों की गहनता से जांच कर रही है।

# दुनिया ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भारत की विकास यात्रा को स्वीकार किया है: आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने पर उनकी सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश ने समावेशी कल्याण, बुनियादी ढांचे के विकास, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और बेहतर शासन-व्यवस्था के साथ एक बदलाव का दौर देखा है।मोदी सरकार द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की सेवा के 12 साल पूरे होने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भारत की विकास यात्रा को स्वीकार किया है।उन्होंने कहा, ''पूरे देश और दुनिया ने 10 जून को लगातार सबसे लंबे समय तक भारत का निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने की प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का जश्न देखा। दुनिया भर के नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनकी दृष्टि और नेतृत्व की सराहना की।''वर्ष 2014 से पहले और इसके बाद की अवधि, दोनों के बीच का अंतर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''जाति, पंथ, क्षेत्र या भाषा से परे हर भारतीय ने पिछले 12 वर्षों में बदलते भारत को देखा है। आज की पीढ़ी नए भारत का नागरिक होने पर गर्व कर सकती है जिसने कई चुनौतियों के बावजूद अपनी विकास यात्रा जारी रखी है।''उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व स्तर पर अपनी ताकत का लोहा मनवाया है और वह अन्य देशों के लिए एक मॉडल बनकर उभरेगा।आदित्यनाथ ने बड़े पैमाने पर कल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने का श्रेय मोदी सरकार को दिया। इनमें जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेश, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, गरीबों के लिए घर, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा और मुद्रा, स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''पहली बार देश ने न केवल योजना बनाना देखा है, बल्कि सभी हितधारकों को साथ लेकर और कार्यक्रमों को जन-आंदोलन में बदलकर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू होते भी देखा है।'मुख्यमंत्री ने मोदी की ओर से अक्सर दोहराई जाने वाली बात को फिर से रखते हुए कहा कि भारत में असल में 'चार जातियां' (गरीब, महिलाएं, युवा और किसान) हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियां इन्हीं के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं।गरीबी दूर करने का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। उन्होंने कहा, 'अगर इन कार्यक्रमों से देश को फायदा हुआ है, तो उत्तर प्रदेश सबसे अधिक फायदा उठाने वाले राज्यों में से एक रहा है।'उन्होंने राज्य में लागू आवास, स्वच्छता, मुफ्त एलपीजी कनेक्शन, स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त राशन योजनाओं का जिक्र किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए, गरीब सिर्फ एक गरीब है। हम जाति, धर्म या समुदाय नहीं देखते। गरीबों को सशक्त बनाना और उन्हें टिकाऊ विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनाना जरूरी है।'

## बलिया में छपरा एक्सप्रेस में सवार आभूषण कारोबारी से बेहिसाबी नकदी बरामद

**बलिया (उप्र):** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में छपरा एक्सप्रेस ट्रेन पर जांच अभियान के दौरान एक आभूषण व्यापारी से 36.25 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीआरपी पुलिस क्षेत्राधिकारी सविरत्न गौतम ने कहा कि बलिया जीआरपी की एक टीम बृहस्पतिवार को लखनऊ के गोमती नगर से बिहार के छपरा तक जाने वाली ट्रेन संख्या 15054 छपरा एक्सप्रेस पर जांच कर रही थी, तभी उन्होंने स्लीपर कोच में एक व्यक्ति को लाल बैग ले जाते हुए देखा। उन्होंने बताया कि यात्री की पहचान गाजीपुर जिले के कोतवाली पुलिस थाने के अंतर्गत नवाब साहब का फाटक क्षेत्र के निवासी संचित अग्रवाल के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को उसके बैग से 36.25 लाख रुपये बरामद हुए। अधिकारी ने कहा कि अग्रवाल कथित तौर पर नकदी के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने या इसके लिए कोई वैध दस्तावेज पेश करने में विफल रहा।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में 78.60 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची से मिलान हुआ: मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**रांची:** झारखंड में 2.64 करोड़ मतदाताओं में से 78.60 प्रतिशत का 2003 की मतदाता सूची में उनके माता-पिता के विवरण के आधार पर मिलान (पैरेंटल मैपिंग) पूरा कर लिया गया है और यह प्रक्रिया 15 जून तक जारी रहेगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने यह जानकारी दी।मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आखिरी बार 2003 में किया गया था। इस बार यह प्रक्रिया 30 जून से शुरू होगी।कुमार ने कहा कि लोहरदगा 89.34 प्रतिशत मिलान के साथ शीर्ष पर है, जबकि रांची 65.84 प्रतिशत मिलान के साथ सबसे निचले स्थान पर है। जिन मतदाताओं का उनके माता-पिता के विवरण के आधार पर मिलान हो चुका है, उन्हें आगामी एसआईआर प्रक्रिया के लिए कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने कहा, 'जिन मतदाताओं का मिलान किया गया है उनकी संख्या 2,08,06,211 है। यह कुल मतदाताओं का 78.60 प्रतिशत है।''जिन मतदाताओं का मिलान नहीं हुआ है, उनकी सूची 23 मई को सभी मतदान केंद्रों और झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई थी।कुमार ने कहा, 'यह सूची प्रकाशित होने के बाद से 14 लाख से अधिक मतदाताओं का उनके माता-पिता के विवरण के आधार पर मिलान किया जा चुका है।' उन्होंने कहा कि मतदाताओं के विवरण मिलान की प्रक्रिया 15 जून तक जारी रहेगी।

### बिहार के उपमुख्यमंत्री को साइबर ठगी का फोन कॉल आया, झांसे में न आने पर किया अभद्र व्यवहार

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को शुक्रवार को साइबर ठगी के मकसद से एक फोन कॉल किया गया गया और झांसे में न आने पर फोन कॉल करने के वाले ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार,इस संबंध में यादव के निजी सचिव ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साइबर पुलिस के अनुसार, कॉल करने वाले व्यक्ति ने उपमुख्यमंत्री के साथ धोखाधड़ी करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं होने पर अपशब्द कहे।साइबर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नितीश चंद्र धरिया ने संवाददाताओं से कहा, ''उपमुख्यमंत्री को एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने यह कहकर उन्हें झांसे में लेने का प्रयास किया कि उन्होंने (उपमुख्यमंत्री ने) एक पार्सल बुक किया है और कुछ जानकारी साझा करने के बाद ही उसकी 'डिलीवरी' की जाएगी। जब उपमुख्यमंत्री ने कॉल काट दिया, तो आरोपी ने उन्हें कई बार फोन किया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।' धरिया ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जिस मोबाइल नंबर से फोन कॉल आया था, उसकी पहचान कर ली गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मोदी सरकार के तहत भारत ने बुनियादी ढांचा, विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी प्रगति की : रीजीजू

**ईटानगर:** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार के तहत भारत में जबरदस्त बदलाव आया है और देश ने पिछले 12 वर्षों में बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी, कल्याण, विनिर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। रीजीजू ने ईटानगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में बुनियादी ढांचे का विकास अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत अब तक देशभर में आठ लाख किलोमीटर से ज्यादा ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं और इनमें से लगभग चार लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण पिछले 12 वर्षों में किया गया है। अरुणाचल प्रदेश की प्रगति का जिक्र करते हुए रीजीजू ने कहा कि सेला और नेचिपु सुरंगों जैसी रणनीतिक परियोजनाओं ने कनेक्टिविटी को बढ़ाया है और सीमा सुरक्षा को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में सड़क निर्माण की गति बढ़कर औसतन 34 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने रेलवे क्षेत्र का भी काफी विस्तार किया है और अब भारत के ब्रॉड-गेज रेल नेटवर्क का लगभग 99.6 फीसदी हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत से रेल यात्रा आधुनिक बनी है और यात्रियों के लिए सेवाओं में सुधार हुआ है।

## लखनऊ-दिल्ली उड़ान में बम की धमकी के कारण छह घंटे से ज्यादा की देरी, जांच में कुछ नहीं मिला

**लखनऊ:** लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान बम की धमकी मिलने के कारण शुक्रवार को छह घंटे से अधिक की देरी से रवाना हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से इस उड़ान को पूर्वाह्न 10 बजकर 45 मिनट पर करीब 180 यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिए रवाना होना था, लेकिन यह अंततः शाम चार बजकर 15 मिनट पर उड़ान भर सकी और लगभग एक घंटे बाद राष्ट्रीय राजधानी पहुंची।सूत्रों के अनुसार, विमान में बम होने की सूचना मिलने के बाद उड़ान में विलंब हुआ। उड़ान के प्रस्थान से कुछ समय पहले चालक दल को संभावित सुरक्षा खतरे की जानकारी मिली, जिसके बाद विमान को एप्रन पर रोक दिया गया और सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।एक सूत्र ने बताया कि विमान के शौचालय से एक 'टिशू पेपर' बरामद हुआ, जिस पर 'बम' लिखा था। इसके बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, जांच में यह धमकी झूठी पाई गई।अधिकारियों ने बताया कि विमान की गहन जांच के दौरान कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद आवश्यक कानूनी और सुरक्षा प्रक्रियाएं पूरी की गईं।इंडिगो के एक प्रवक्ता ने कहा कि उड़ान संख्या 6ई के रवाना होने से कुछ समय पहले कथित सुरक्षा खतरे की जानकारी मिली थी।प्रवक्ता ने बयान में कहा, ''निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए हमने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया और आवश्यक जांच में उन्हें पूरा सहयोग दिया।' अधिकारियों ने बताया कि सभी आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद विमान को दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया।

## बिहार कंगाल होने की कगार पर, सरकार वित्तीय स्थिति पर जवाब दे : तेजस्वी



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश घटते राजस्व, बढ़ते राजकोषीय घाटे, अत्यधिक कर्ज और भारी ब्याज अदायगी के कारण गंभीर वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहा है। तेजस्वी ने एक बयान जारी कर कहा कि राजग की ''दिवालिया राजनीति' और 'अदूरदर्शी नीतियों'' के कारण बिहार कंगाल होने की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य का खजाना खाली होने से वित्तीय हालात चिंताजनक हो गए हैं। राजद नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार का बजटीय प्रबंधन इतना कमजोर है कि वित्त वर्ष 2026-27 के केवल तीन महीने बीतने के बाद ही सामान्य मासिक पेंशन जैसे नियमित भुगतानों के लिए भी आकस्मिकता निधि से 3,662 करोड़ रुपये की निकासी करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को वित्तीय संकट की वास्तविक स्थिति स्वीकार करते हुए जनता को यह बताना चाहिए कि नियमित भुगतान के लिए नियमित बजट व्यवस्था के बजाय आकस्मिकता निधि का सहारा लेने की नौबत क्यों आई। तेजस्वी ने कहा, मेरे तथ्यात्मक और तर्कपूर्ण सवालों का जवाब देने के बजाय सरकार भ्रामक प्रेस विज्ञप्तियां जारी कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जो वर्षों से नियमित रूप से लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती रही है, उसके भुगतान के लिए आकस्मिकता निधि का इस्तेमाल क्यों किया गया। तेजस्वी ने कहा कि अगर सरकार को नियमित खर्चों के लिए भी आकस्मिकता निधि का सहारा लेना पड़ रहा है, तो विकास योजनाओं और अन्य परियोजनाओं के लिए संसाधन कहां से आएंगे। राजद नेता ने कहा कि पेंशन कोई आकस्मिक खर्च नहीं है और न ही पेंशनधारक किसी आपदा की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के बजाय लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार इस पूरे मामले को केवल बजटीय प्रबंधन का मुद्दा बताकर इसके मूल कारणों और सैद्धांतिक पक्ष पर चर्चा से बच रही है।

## बेगूसराय में सड़क हादसे में मधेपुरा के तीन थाना प्रभारियों समेत चार लोगों की मौत



**बेगूसराय:** पटना में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम से लौटने के दौरान बिहार के बेगूसराय जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन थाना प्रभारियों और उनके वाहन चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा बृहस्पतिवार देर रात जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-31 पर बखड्डा ढाला के पास हुआ। तीनों थाना प्रभारी मधेपुरा जिले में पदस्थापित थे, जिनकी पहचान जिले के रतवाड़ा के थाना प्रभारी साजन कुमार पासवान, अरार के थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र और बेलारी के थाना प्रभारी नीरज कुमार के रूप में हुई है। चौथे मृतक की पहचान अभी आधिकारिक रूप से नहीं हो सकी है। वह वाहन चालक था। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''बेगूसराय में हुए दुखद सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारियों एवं उनके चालक के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। यह अपूरणीय क्षति पूरे पुलिस परिवार के लिए गहरा आघात है।' मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और मृतकों के शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। यातायात उपाधीक्षक (डीएसपी) रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिसकर्मी पटना में आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी रास्ते में उनका वाहन एक ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि हादसे में तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों और घटनाक्रम का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## उन्नाव में गंगा एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से टकराने के बाद कार सवार चार लोगों की मौत



**उन्नाव (उप्र):** उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, यह हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस ने बताया कि कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे के किनारे खड़ा किया गया था। पुलिस के मुताबिक, पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई।जिला अस्पताल के आपात चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक विश्वकर्मा ने बताया कि दो गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल लाया गया था, लेकिन जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास मिले पहचान पत्रों के आधार पर मृतकों की शिनाख्त अनुपम गुप्ता (32) और उदय सिंह (26) के रूप में हुई है। अन्य दो लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटा दिया गया है और यातायात सामान्य कर दिया गया है।

## बहराइच में भारत-नेपाल सीमा के नजदीक 1.876 किलोग्राम चरस जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



**बहराइच (उप्र):** बहराइच जिले में भारत-नेपाल सीमा के नजदीक पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त अभियान चलाकर 1.876 किलोग्राम चरस जब्त किया। इस मामले में दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र में सीमान्त डिग्री कॉलेज के निकट सीमा स्तंभ के पास बृहस्पतिवार रात संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी में उनके कब्जे से 1.876 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की 42वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि तस्करों की तलाशी के दौरान एसएसबी के खोजी कुत्तों की भी मदद ली गई। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों की पहचान सादिक (19) और सद्दाम (19) के रूप में हुई है। दोनों रुपईडीहा थाना क्षेत्र के मुस्लिम बाग मोहल्ले के निवासी हैं।

## राजस्थान: लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने विभिन्न सैन्य अड्डों का दौरा किया

**जयपुर:** सप्त शक्ति कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने विभिन्न सैन्य अड्डों का दौरा कर अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। सेना के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।प्रवक्ता के अनुसार, सैन्य कमांडर ने सप्त शक्ति कमान के अंतर्गत आने वाले बठिंडा, गंगानगर और बीकानेर सैन्य अड्डों का दौरा किया। उन्हें इस दौरान चेतक कोर की अभियानगत तैयारियों, प्रशासनिक गतिविधियों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।सिंह ने इन सैन्य अड्डों में उपलब्ध सुविधाओं और प्रशिक्षण इकाइयों का निरीक्षण किया तथा सभी रैंक के सैन्यकर्मियों की उच्च प्रतिबद्धता व पेशेवर दक्षता की सराहना की। उन्होंने कार्य-आधारित व वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण पर जोर दिया और साथ ही, सभी इकाइयों को आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की आवश्यकता भी रेखांकित की।

# मोदी के नेतृत्व में भारत 11वीं से 'चौथी सबसे बड़ी' अर्थव्यवस्था बना : सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए दावा किया कि मोदी के कार्यकाल में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।चौधरी ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोगों ने हर महत्वपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गहरा विश्वास जताया है।उन्होंने कहा, 'जब प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में नोटबंदी की घोषणा की थी, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा था। कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों ने महीनों तक लॉकडाउन का पालन किया और उनकी सलाह मानी। अब पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच भी लोगों को विश्वास है कि मोदी देश को इस स्थिति से बाहर निकालने में सक्षम हैं।''करीब दो महीने पहले बिहार के मुख्यमंत्री बने चौधरी ने प्रधानमंत्री को देश की सबसे लंबी अवधि तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में जनता की सेवा करने की उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, 'नया भारत वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक ऐसी पार्टी है, जो अपने संकल्पों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे वादे पूरे किए गए हैं तथा जनता ने हर महत्वपूर्ण अवसर पर मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का एक महत्वाकांक्षी खाका है। उन्होंने कहा, 'इसी प्रकार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार 'विकसित बिहार' के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता के पथ पर और आगे बढ़ेगा तथा 'विकसित बिहार 2047' के संकल्प को नई ऊर्जा और गति मिलेगी।' निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सभी औद्योगिक एवं निवेश संबंधी स्वीकृतियां 30 दिनों के भीतर देने को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को भरोसा है कि इस वर्ष 20 नवंबर तक राज्य में पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग सभी जिलों में हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और हवाई पट्टियों के विकास का भी निर्णय लिया है।चौधरी ने महिलाओं के सशक्तीकरण के संबंध में कहा कि राजग सरकार ने उनके लिए कई विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के नक्सलवाद उन्मूलन अभियान की सराहना करते हुए कहा, 'बिहार में नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है।'चौधरी ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत है और सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है।

## जिम, स्विमिंग पूल और खेल अकादमी तीन दिन के अंदर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें: गाजियाबाद प्रशासन

लखनऊ: उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला प्रशासन ने बिना पंजीकरण वाले सभी जिम, स्विमिंग पूल और खेल अकादमियों को तीन दिन के अंदर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया तथा नियमों का पालन न करने वाले संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।जिलाधिकारी (डीएम) रविंद्र कुमार ने यह आदेश जारी किया। यह कदम खेल से जुड़े संस्थानों को नियंत्रित करने और तय सुरक्षा व संचालन मानकों का पालन सुनिश्चित करने के अभियान का हिस्सा है। जिला खेल अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सोसाइटी, क्लब, होटल, स्कूल, फार्महाउस, बैंक्वेट हॉल और अन्य संस्थानों में चल रहे जिम, स्विमिंग पूल और खेल अकादमियों के लिए तय नियमों के तहत पंजीकरण कराना जरूरी है।

## बीपीएससी की दो परीक्षाओं में नई तरह की धांधली, 35 लोग गिरफ्तार

**पटना:** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से इस वर्ष आयोजित दो प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के लिए नयी तकनीक का इस्तेमाल किए जाने का खुलासा हुआ है और मामले की जांच कर रही आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने अब तक आठ प्राथमिकी दर्ज कर 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा संचालन का ठेका पाने वाली कंपनी को कालीसूची में डालने की अनुशंसा की गई है। ईओयू के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मानवजीत सिंह ढिल्लो ने आज पुलिस मुख्यालय स्थित सरदार पटेल भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीपीएससी की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक मामले में अब तक आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं जिनमें से पांच मामले ईओयू ने दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि मुंगेर, बांका, लखीसराय और नालंदा से जुड़े मामलों की जांच ईओयू कर रही है तथा अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष आयोजित बीपीएससी की एक अन्य प्रतियोगी परीक्षा सहायक अवशिष्ट प्रबंधक एवं लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी परीक्षा में भी धांधली के प्रमाण मिले हैं और इस संबंध में पटना के एसके पुरी थाने में एक मामला दर्ज किया गया है, जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ढिल्लो ने कहा कि दोनों परीक्षाओं में नयी तरह की धांधली की गई। इसके तहत बायोमेट्रिक प्रणाली से जुड़ी कंपनी के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से प्रश्न-पत्र लीक कराया गया और चुनिंदा अभ्यर्थियों तक उत्तर पहुंचाए गए। उन्होंने बताया कि जांच में कई स्तरों पर अनियमितताओं के ठोस साक्ष्य मिले हैं। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक डेटा संग्रह के लिए तैनात कुछ कर्मचारी पहले भी परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर चुके हैं। उनकी तैनाती भी निर्धारित यादृच्छिकीकरण प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई थी।

## घुटने के सफल ऑपरेशन के बाद दलाई लामा को अस्पताल से छुट्टी दी गई

**नयी दिल्ली:** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को इस सप्ताह की शुरुआत में बाएं घुटने का सफल प्रत्यारोपण कराने के बाद शुक्रवार को यहां स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर यह जानकारी दी गई है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. राजेश मल्होत्रा ने बताया कि दलाई लामा का आठ जून को नयी दिल्ली में ऑपरेशन किया गया था और उपचार के दौरान उनकी स्थिति पूरी तरह स्थिर बनी रही। दलाई लामा के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए बयान में मल्होत्रा ने कहा, 'दलाई लामा की हालत स्थिर है और शुक्रवार सुबह उन्हें छुट्टी दे दी गई।' उन्होंने कहा कि दलाई लामा की निजी चिकित्सा टीम उपचार के दौरान अस्पताल के प्रशासनिक और चिकित्सा कर्मचारियों के साथ निकट समन्वय में रही।

## भारत अंतरिक्ष कांग्रेस : दिल्ली में जुटेंगी अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी दुनिया भर की हस्तियां

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में 15 जून से 17 जून के बीच आयोजित किये जा रहे 'भारत अंतरिक्ष कांग्रेस' (आईएससी)2026 में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के भविष्य पर चर्चा करने के लिए कई देशों के नीति निर्माता, राजनयिक और इस उद्योग की नामचीन हस्तियां जमा होंगी। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन (एसआईए)-इंडिया कर रहा है जिसमें 25 से अधिक देशों के 600 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे और इनमें से करीब 200 वक्ता और 'मॉडरेटर' होंगे। इस कार्यक्रम में सरकारी एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, निजी उद्योग, अनुसंधान संस्थानों और रणनीतिक हितधारकों के प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। आईएससी-2026 का आयोजन ऐसे समय किया जा रहा है जब वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 1000 अरब अमेरिकी डॉलर की ओर बढ़ रही है और भारत ने 2033 तक 44 अरब डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

## त्विषा शर्मा मौत मामला: शुरुआती जांच में लापरवाही को लेकर एसआई पर 5,000 रुपये का जुर्माना

**भोपाल:** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मॉडल एवं अभिनेत्री त्विषा शर्मा की मौत के मामले की शुरुआती जांच में कथित लापरवाही बरतने पर पुलिस विभाग ने एक उपनिरीक्षक (एसआई) पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई त्विषा के परिजनों द्वारा लगाए गए उन आरोपों के बाद की गई है, जिनमें कहा गया था कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में ढिलाई बरती। त्विषा का शव 12 मई को भोपाल स्थित उसके ससुराल में फंदे से लटका मिला था। भोपाल के पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कटारा हिल्स थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक दिनेश शर्मा के खिलाफ विभागीय जांच में शुरुआती जांच के दौरान कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस उपायुक्त (जोन-2) विकास शेवाल ने जांच रिपोर्ट के आधार पर यह जुर्माना लगाया। हालांकि, कुमार ने कहा कि उपनिरीक्षक की यह चूक जानबूझकर नहीं थी और इससे मामले की जांच प्रभावित नहीं हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसआई पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## अदालत ने फिल्म 'काला हिरण' पर रोक संबंधी सलमान खान की याचिका पर नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फिल्म 'काला हिरण: द बैटल फॉर लीगल' के निर्माताओं से अभिनेता सलमान खान की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। खान के वकील ने दलील दी कि यह फ़िल्म कथित तौर पर काले हिरण के शिकार संबंधी उस मामले पर आधारित है, जिसमें अभिनेता का नाम आया था। उन्होंने कहा कि यह अभिनेता के व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अवकाशकालीन पीठ ने इस मामले में अभिनेता की याचिका पर अमित जानी, अक्षय पांडे और अन्य लोगों को नोटिस जारी किया तथा सुनवाई के लिए 19 जून की तारीख तय की। यह अर्जी 59 साल के खान के व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दायर मुकदमे का हिस्सा है।

# एआई-171 हादसा: एक साल बाद भी नहीं मिले सवालों के जवाब



### पूरी जांच के बाद आएगी अंतिम रिपोर्ट: एएआईबी

**नयी दिल्ली:** विमान दुर्घटना की जांच करने वाली एजेंसी एएआईबी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट, जांच से जुड़ी सभी गतिविधियों, जरूरी अंतरराष्ट्रीय समीक्षा और परामर्श की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी की जाएगी। पिछले साल 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में कुल 260 लोगों की मौत हो गई थी। जांच की वर्तमान स्थिति या अब तक सामने आए निष्कर्षों का कोई विशिष्ट विवरण दिए बिना विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने कहा कि बीते एक वर्ष के दौरान जांच टीम ने दुर्घटना से जुड़े सभी प्रासंगिक तकनीकी, परिचालन, संगठनात्मक और मानवीय पहल-ओं की व्यापक एवं गहन जांच की है।

### एआई-171 विमान दुर्घटना की जांच राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं के अनुसार जारी : नायडू

**नयी दिल्ली:** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वर्ष हुई एआई-171 विमान दुर्घटना की जांच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं के अनुसार पेशेवर तरीके से जारी है। एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को एक साल हो गया है। लंदन जा रही एआई-171 उड़ान पिछले साल 12 जून की दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 241 यात्री और चालक दल के सदस्य तथा जमीन पर मौजूद 19 लोग शामिल थे। विमान में सवार केवल एक यात्री जीवित बचा था। नायडू ने कहा, 'हम दुर्घटना के कारणों का संपूर्ण, वस्तुनिष्ठ निर्धारण करने और विमानन सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' उनकी यह टिप्पणी इस पृष्ठभूमि में आई है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा इस दुर्घटना की जांच पर एक अंतरिम रिपोर्ट जारी किये जाने की उम्मीद है।

**अहमदाबाद:** एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को एक साल बीत चुका है लेकिन इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो चुके परिवार आज भी अपने सवालों के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने 260 लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी के कारणों पर अंतिम जांच रिपोर्ट अब तक जारी नहीं की है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पिछले साल जुलाई में अंतरिम रिपोर्ट जारी की थी लेकिन उसमें हादसे का कारण नहीं बताया गया था। हालांकि, रिपोर्ट के एक पैराग्राफ में यह संकेत दिया गया था कि उड़ान भरने के बाद विमान के इंजनों के ईंधन स्विच बंद हो गए थे। कई परिवारों के लिए यह इंतजार बेहद पीड़ादायक रहा है। वे इस त्रासदी में खोए अपने प्रियजनों की यादों के सहारे जी रहे हैं लेकिन उनके मन में उठ रहे सवालों के जवाब उन्हें अब भी नहीं मिले हैं। अंतिम रिपोर्ट नहीं आने के कारण उनका दुख और गहरा गया है क्योंकि उन्हें अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसा आखिर क्यों हुआ। अंतरराष्ट्रीय विमानन नियमों के तहत, यदि संभव हो तो किसी विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट एक साल के भीतर जारी की जानी चाहिए और यदि रिपोर्ट पूरी नहीं हो पाती तो अंतरिम बयान जारी किया जा सकता है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने आठ मई को कहा था कि इस हादसे की जांच अंतिम चरण में है और रिपोर्ट एक महीने के भीतर आ सकती है। उन्होंने कहा था, ''हादसे की जांच अंतिम चरण में है और यह एक महीने में पूरी भी हो सकती है। हालांकि, जांच एएआईबी कर रहा है और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं करते। हम उसे सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं।'' 'फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स' के अध्यक्ष सी. एस. रंधावा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि एएआईबी व्यापक जांच पूरी करने के बाद ही अंतिम रिपोर्ट जारी करे। एएआईबी द्वारा अंतरिम रिपोर्ट संभवत: जल्द जारी किए जाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों का उल्लेख करते हुए रंधावा ने कहा कि ऐसा कदम और भ्रम एवं अटकलों को जन्म देगा। उन्होंने कहा, 'यदि जांच से कोई निष्कर्ष नहीं निकला है, तो अंतरिम रिपोर्ट जारी करने से और गलतफहमियां पैदा होंगी।' लंदन जा रही एआई-171 उड़ान पिछले साल 12 जून की दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 241 यात्री और चालक दल के सदस्य तथा जमीन पर मौजूद 19 लोग शामिल थे। विमान में सवार केवल एक यात्री जीवित बचा था। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी हादसे में मारे गए लोगों में शामिल थे। विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के 32 सेकंड बाद बी. जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर पर गिरा था। भारत और ब्रिटेन के 130 से अधिक पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व कर रही अमेरिका स्थित विधि कंपनी 'बीस्ली एलन' के वकील माइक एंड्रयूज ने केंद्र सरकार से उड़ान से जुड़ा तकनीकी डेटा जारी करने की मांग की है ताकि परिवार कानूनी विकल्प चुन सकें। एंड्रयूज ने पिछले साल दिसंबर में अहमदाबाद यात्रा के दौरान 'पीटीआई-भाषा' से कहा था, ''मैं भारत सरकार से अपील करता हूं कि वह 'फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर' (एफडीआर) का डेटा जारी करे, ताकि हमारे विशेषज्ञ स्वतंत्र आकलन कर सकें। मुझे लगता है कि इन परिवारों के लिए सबसे जरूरी बात पारदर्शिता है।'' पीड़ितों के परिवारों ने भी अंतिम जांच रिपोर्ट और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से जुड़े तकनीकी डेटा मुहैया कराए जाने की मांग की है। हादसे में मारे गए 30 लोगों के गुजरात के विभिन्न हिस्सों से आए परिवारों ने इस साल अप्रैल में अहमदाबाद में बैठक की थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हादसे की सच्चाई सामने लाने के लिए 'कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर' (सीवीआर) और 'ब्लैक बॉक्स' के डेटा जारी किए जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने जांच जल्द से जल्द पूरी किए जाने की मांग की थी।

# शाह ने एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा के दौरान अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा मार्ग और पर्यटन स्थलों पर शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियों को मिलकर एक बहु-स्तरीय और अभेद्य सुरक्षा घेरा बनाना चाहिए। शाह ने तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे, निगरानी प्रणाली और अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो (आईबी) प्रमुख तपन कुमार डेका और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह के अलावा अन्य वरिष्ठ सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। हिमालय पर्वतमाला में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 57 दिन की तीर्थयात्रा के लिए भारी सुरक्षा इंतजाम की जरूरत होती है, जिसमें केंद्र और जम्मू-कश्मीर की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे।

### मोदी सरकार का महिला नेतृत्व वाला विकास मॉडल 'नारी शक्ति' के सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार का 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' मॉडल 'नारी शक्ति' के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में शाह ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत केंद्र सरकार के कार्यकाल के दौरान किए गए कई कल्याणकारी और सशक्तीकरण से जुड़े उपायों पर प्रकाश डाला। केंद्र की राजग सरकार ने इस हफ्ते 12 वर्ष पूरे कर लिए। नरेन्द्र मोदी इस हफ्ते भारत के ऐसे निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए, जिसने लगातार सबसे लंबे समय तक देश की सेवा की। शाह ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन प्रदान करने और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक, महिलाओं की गरिमा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के लाभार्थियों का एक बड़ा हिस्सा महिला उद्यमी हैं।

# भारत-बांग्लादेश वार्ता में अवैध और जबरन सीमा पार करने से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा : बीएसएफ



नयी दिल्ली : भारत और बांग्लादेश ने चार दिवसीय महानिदेशक (डीजी) स्तर की वार्ता के दौरान सीमा पर होने वाली मौतों तथा अवैध, अनजाने और जबरन सीमा पार करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। यह वार्ता यहां 11 जून को समाप्त हुई। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। इन वार्ताओं के लिए 'बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश' (बीजीबी) के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमान सिद्दीकी के नेतृत्व में एक बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल दिल्ली आया था। भारत का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने किया। यहां बीएसएफ मुख्यालय में आठ से 11 जून के बीच द्विवार्षिक डीजी-स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन का 57वां संस्करण आयोजित किया गया। बीएसएफ के बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों ने मादक पदार्थों, हथियारों, नकली मुद्रा, सोने और अन्य प्रतिबंधित सामानों की तस्करी, सीमा पार अवैध गतिविधियों तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इसमें कहा गया है कि दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने सीमा पर होने वाली मौतों, अवैध/अनजाने/जबरन सीमा पार करने की घटनाओं, सीमा अवसंरचना के निर्माण, समन्वित सीमा प्रबंधन

## निर्वाचन आयोग का संचार सरल, तथ्यों पर आधारित होना चाहिए: सीईसी ज्ञानेश कुमार



**नयी दिल्ली:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के नोडल मीडिया अधिकारियों से कहा कि चुनाव संबंधी संचार सरल, तथ्यों पर आधारित और कानूनी रूप से सही होने के साथ-साथ समय पर जारी किया जाना चाहिए। कुमार ने कहा कि चार राज्यों और एक केंद्र-शासित प्रदेश में हाल में हुए चुनावों में आजादी के बाद से जनता की अभूतपूर्व भागीदारी देखी गई। सीईसी सभी 36 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने इस बात पर जोर दिया कि संचार में सिर्फ जानकारी देने के बजाय असर का भी जिक्र किया जाना चाहिए। निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने आयोग के नियमों, निर्देशों और परामर्श को आम जनता तक आसानी से समझ में आने वाले तरीके से पहुंचाने में अधिकारियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में चुनाव प्रक्रिया के दौरान संचार रणनीति पर आधारित सत्र शामिल थे। इसमें मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग के डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

## प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस दौरा: समुद्री क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर नजर

नयी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार से शुरू होने वाली फ्रांस यात्रा के दौरान समग्र रक्षा सहयोग को और गहरा करने की संभावना है। उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्रों में बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। फ्रांस भारत को सैन्य साजो सामान की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में उभरकर सामने आया है। दोनों पक्ष भारत द्वारा अधिक पनडुब्बियों और लड़ाकू विमानों की खरीद जैसे महत्वपूर्ण रक्षा खरीद परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने पर भी विचार कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्ष भारतीय नौसेना के लिए तीन और स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियां खरीदने की योजना पर बातचीत में तेजी ला सकते हैं। इन पनडुब्बियों का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और फ्रांस की प्रमुख रक्षा कंपनी नेवल ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने लगभग दो वर्ष पहले ही करीब 36,000 करोड़ रुपये के इस समझौते को मंजूरी दे दी थी, लेकिन परियोजना के विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक पहलुओं को अंतिम रूप देने संबंधी बातचीत में देरी होती रही है। मोदी शनिवार से फ्रांस और स्लोवाकिया की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना होंगे। इस दौरान वह जी7 शिखर सम्मेलन के विभिन्न सत्र में भाग लेंगे और फ्रांस तथा स्लोवाकिया के अपने समकक्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

# भारतीय जहाजों पर हमले के लिए ईरान जिम्मेदार, यह पूरी तरह अस्वीकार्य : ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलने वाले भारतीय जहाजों पर ड्रोन हमला करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि यह ''पूरी तरह से अस्वीकार्य'' है। इस हफ्ते ओमान के तट के नजदीक भारतीय चालक दल सदस्य वाले तीन जहाजों पर हमले हुए। इनमें से एक हमले में बुधवार को तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ''कल रात होर्मुज जलडमरूमध्य से निकल रहे भारतीय जहाजों पर ईरान के ड्रोन हमले को पूरी तरह से नाकाम कर दिया गया। यह हरकत पूरी तरह से अस्वीकार्य है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसी पोस्ट में ईरान पर शांति समझौते की उन शर्तों को मीडिया में लीक करने का आरोप भी लगाया, जिनका बातचीत में शामिल मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। ओमान तट के पास भारतीय नागरिकों को ले जा रहे वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी हमलों के विरोध में भारत द्वारा नयी दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी को तलब किए जाने के बाद ट्रंप की ये टिप्पणी आई। भारत ने वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों को ''बेहद चिंताजनक'' बताया है और इस मामले को अमेरिका के सामने सख्ती से उठाया।

### ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी हमलों की निंदा की

**दुबई :** ईरान ने शुक्रवार को वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी हमलों की आलोचना की और कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां ''वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा'' हैं। इन हमलों में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी। इस सप्ताह ओमान के तट के निकट भारतीय चालक दल वाले तीन जहाजों पर हमले हुए। इनमें से एक हमले में बुधवार को तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने शोक संतप्त परिवारों और भारत सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### भारत ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को तलब किया और उन्हें बताया कि ओमान के तट के निकट भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी सेना के घातक और जानलेवा हमले अस्वीकार्य हैं। सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अमेरिकी कार्रवाई में एक टैंकर के भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में तलब किया गया और उन्हें अमेरिका की सैन्य कार्रवाई को लेकर भारत की कड़ी आपत्ति से अवगत कराया गया। मीक्स को बुधवार की रात भी तलब किया गया था।

## यौन अपराधों की शिकायत करने में मुश्किल होती है; देरी प्राथमिकी रद्द करने का आधार नहीं: अदालत

**मुंबई:** बंबई उच्च न्यायालय ने घरेलू सहायिका के साथ छेड़छाड़ के आरोपी एक व्यक्ति को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि भारत जैसे पारंपरिक समाज में परिवार यौन उत्पीड़न तथा छेड़छाड़ के मामलों की शिकायत करने में हिचकिचाते हैं और सिर्फ प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी के आधार पर ऐसे मामलों को खारिज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति रंजीत सिंह भोंसले की एकल पीठ ने बुधवार को एक आदेश में केरल निवासी 58 वर्षीय व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी। इस व्यक्ति ने अपनी घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ के आरोप में 2019 में दर्ज की गई प्राथमिकी को निरस्त किए जाने का आग्रह किया था। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता 10 मार्च, 2019 को आरोपी के घर काम के सिलसिले में गई, तो उसने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की।

# जनता में गुस्से के कारण अगला चुनाव हमारा है, लेकिन मतदान निष्पक्ष नहीं होगा: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस सप्ताह की शुरुआत में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं से कहा था कि लोगों के बीच व्याप्त गुस्से को देखते हुए अगला आम चुनाव 'पहले ही जीता जा चुका है', लेकिन मुख्य समस्या यह है कि जीतने के लिए कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही नहीं होगा। उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया' गठबंधन)के नेताओं की सोमवार को हुई बैठक में गठबंधन के नेताओं से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि 'अगर हम एकजुट होकर मुकाबला करें'' तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना आसान है। गांधी ने वाम दलों सहित अन्य सहयोगियों की आलोचना का जवाब देते हुए 'नीलकंठ' (भगवान शिव) का जिक्र किया, जिन्होंने सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान किया था। उन्होंने कहा कि उनकी खुद की या उनकी पार्टी की जो भी आलोचना होगी, उसे वे मुस्कुराते हुए स्वीकार करेंगे। गांधी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से नौ मिनट से अधिक समय का भाषण साझा किया, जो उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में दिया था। इस बैठक में गठबंधन के सहयोगियों ने भाजपा के खिलाफ एकजुट होने पर जोर दिया था। 'इंडिया' गठबंधन की सोमवार को हुई बैठक में घटक दलों के नेताओं ने सर्वसम्मति से चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से जुड़े विवादों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग करने और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया तथा 'वोट लूट' के मामले में प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखने का फैसला किया।

## कॉमेडी शो में पुरुषों के शव से संबंधित टिप्पणी पर मुंबई की एमबीबीएस छात्रा सेजल पवार के खिलाफ जांच



**मुंबई:** मुंबई के केईएम अस्पताल ने 'स्टैंड-अप' कॉमेडियन प्रणीत मोरे के शो के दौरान पुरुषों के मृत शरीर के बारे में एमबीबीएस छात्रा सेजल पवार की टिप्पणियों की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन किया है। अस्पताल के डीन डॉ. हरीश एम. पाठक ने शुक्रवार को कहा कि संबंधित टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं। महाराष्ट्र साइबर पुलिस द्वारा मोरे, वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया पर ''अश्लील और आपत्तिजनक'' चीजें फैलाने का मामला दर्ज किए जाने के बाद केईएम अस्पताल ने कहा कि जांच समिति अगले कुछ दिन में अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है। हरियाणा के गुरुग्राम में एक कॉमेडी शो के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर मोरे और जांगड़ा विवादों में घिर गए हैं। इन टिप्पणियों में कथित तौर पर किसी महिला के साथ ज़बरदस्ती और बिना उसकी मर्ज़ी के किए गए व्यवहार को सही ठहराया गया था। इसी शो की एक और क्लिप में पवार को मेडिकल पढ़ाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पुरुषों के मृत शरीर के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करते हुए देखा गया।

# उच्चतम न्यायालय ने मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज की



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन पत्र खारिज किए जाने को चुनौती दी गई थी। हालांकि, न्यायालय ने उन्हें चुनाव याचिका के माध्यम से इस मामले को उठाने की छूट प्रदान कर दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदूरकर की पीठ ने नटराजन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उनका नामांकन खारिज करने में हुईं ''प्रत्यक्ष और स्पष्ट'' गलतियों को ठीक करने के लिए अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुच्छेद 32 के तहत इस न्यायालय या अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के अधिकारक्षेत्र का इस्तेमाल करने की कोशिश की गई है, तो अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 329(बी) में दिए गए संवैधानिक प्रावधान के कारण बार-बार दखल देने से इनकार किया है। पीठ ने कहा, ''यदि अदालत यह तय करने लगे कि किन मामलों में नामांकन रद्द किया जाना इतना गलत है कि वह सीधे अनुच्छेद 32 या 226 के तहत हस्तक्षेप कर सकती है, और किन मामलों में उम्मीदवार को चुनाव याचिका का रास्ता अपनाना चाहिए, तो अदालत संविधान के अनुच्छेद 329 में ऐसी व्यवस्था जोड़ रही होगी जो वहां लिखी ही नहीं गई है।'' उसने कहा, ''हमें डर है कि ऐसी किसी भी व्याख्या को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता, जिसके तहत कुछ मामलों में यह अदालत हस्तक्षेप करे और कुछ अन्य मामलों में पक्षकारों को चुनाव न्यायाधिकरण का सहारा लेने के लिए छोड़ दे।'' भारतीय संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव संबंधी मामलों में अदालतों के हस्तक्षेप पर रोक लगाता है, ताकि न्यायिक देरी के कारण चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी उम्मीदवार का नामांकन निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त किए जाने के बाद उसके पास राहत पाने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाने के अलावा कोई अन्य उपाय नहीं होता। न्यायालय ने नटराजन से यह भी पूछा कि क्या वह ऐसा कोई फैसला दिखा सकती हैं, जिसमें अदालत ने इस प्रकार के मामलों में हस्तक्षेप किया हो। पीठ ने कहा, 'निर्णय कितना भी त्रुटिपूर्ण क्यों न हो, एक बार नामांकन खारिज हो जाने के बाद सामान्यतः इसका उपाय कहीं और उपलब्ध होता है। क्या इस न्यायालय का ऐसा कोई निर्णय है, जिसमें हमने इस चरण में हस्तक्षेप किया हो?'

# भाजपा अगली पीढ़ी के बारे में सोचती है, न कि चुनाव के बारे में: राजनाथ सिंह




**हैदराबाद:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल अपने कार्य में बल्कि अपनी नीयत में भी ईमानदार करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पार्टी हमेशा 'अगली पीढ़ी के बारे में सोचती है, न कि अगले चुनाव के बारे में।' सिंह ने यहां 'इंटेलेक्चुअल मीट' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के बजट का हर रुपया देश की सुरक्षा को मजबूत करने में इस्तेमाल किया जा रहा है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर किसी भी तरह के भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हम अगला चुनाव (जीतने) की चिंता नहीं करते, बल्कि अगली पीढ़ी की चिंता करते हैं। हम इस बात को लेकर चिंतित नहीं हैं कि अगले चुनाव में क्या होगा-हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगली पीढ़ी के साथ क्या होगा। हमारी नीयत बिल्कुल साफ है। हमारे शब्दों और कार्यों में कोई अंतर नहीं है।' उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटालों में लिप्त होने का आरोप लगाया, जिनमें '2जी घोटाला, कोयला घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाला शामिल थे।' उन्होंने कहा कि संप्रग के शासनकाल में लगभग हर दिन नये घोटालों की खबरें सामने आती थीं, जिससे राजकोष को लाखों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल (2014 से 2019) में गृह मंत्री रहते हुए रक्षा बजट का आवंटन 2.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 8 लाख करोड़ रुपये हो गया था।

# अमेरिका-ईरान युद्ध थमने से घरेलू बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 1,695 अंक उछला

### बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख रुपये बढ़ी

**मुंबई :** अमेरिका-ईरान संघर्ष थमने के संकेतों के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक यानी 2.30



प्रतिशत उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक यानी 2.40 प्रतिशत चढ़कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 461.30 अंक यानी 1.99 प्रतिशत बढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 483.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,645.35 तक पहुंच गया था। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान से शेयर बाजार में तेजी का रुझान रहा। ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने और दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर सहमति बनने की बात कही है। इससे वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, इटर्नल और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सेंसेक्स में शामिल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही नुकसान में रहने वाली कंपनियों में शामिल रहीं। सकारात्मक वैश्विक संकेतों से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.98 प्रतिशत गिरकर 86.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# स्मार्ट वाहन प्रौद्योगिकी के लिए स्पेक्ट्रम बैंड अब लाइसेंस से मुक्त

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार विभाग ने 5.9 गीगाहर्ट्ज और 77-81 गीगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी बैंड वाले स्पेक्ट्रम को लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त कर दिया है। इस कदम से वाहनों में यात्री सुरक्षा बढ़ने और स्वचालित वाहनों के विकास को गति मिलने की उम्मीद है। विभाग की तरफ से 11 जून को जारी अधिसूचना के मुताबिक, 5875-5905 मेगाहर्ट्ज (5.9 गीगाहर्ट्ज) बैंड में वाहन में लगे वायरलेस उपकरण को रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटन के बगैर ही उपयोग की अनुमति दी गई है। ये उपकरण 'सेल्युलर व्हीकल-टू-एवरीथिंग' तकनीक के जरिए वाहनों को ट्रैफिक सिग्नल, सड़क अवसंरचना और आपात सेवाओं से जोड़ते हैं। सरकार ने इसे 'नॉन-इंटरफेरेंस, नॉन-प्रोटेक्शन और नॉन-एक्सक्लूसिव' आधार पर अनुमति दी है। इसका मतलब है कि ये सेवाएं अन्य लाइसेंसधारी नेटवर्क में बाधा नहीं डालेंगी और उन्हें प्राथमिकता आधारित संरक्षण भी नहीं मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि ऐसे वायरलेस उपकरण रखने, बेचने या किराये पर देने के लिए किसी तरह के लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी। इसी तरह 77-81 गीगाहर्ट्ज बैंड को भी कम दूरी वाली वाहन रडार प्रणाली के लिए लाइसेंस से मुक्त किया गया है। ये रडार 'एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम' (एडास) का हिस्सा होते हैं, जिनके जरिए आपातकाली ब्रेकिंग, लेन से हटने की चेतावनी और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल जैसी सुविधाएं मिलती हैं। उद्योग विशेषज्ञों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। बीएसएनएल के पूर्व चेयरमैन एवं डेटा सेंटर कंपनी सबमर इंडिया के प्रमुख अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि 5.9 गीगाहर्ट्ज बैंड को 'लाइसेंस-मुक्त' करने से वाहन, ट्रैफिक सिग्नल और आपात सेवाएं वास्तविक समय में संवाद कर सकेंगी, जिससे दुर्घटनाएं और जाम कम होंगे आईटीयू-एपीटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया (आईएएफआई) के अध्यक्ष भरत भाटिया ने इसे दूरदर्शी नीति बताते हुए कहा कि ये दूरदर्शी कदम इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम के तेज विस्तार में मदद करेंगे, सड़क सुरक्षा को मजबूत करेंगे और कनेक्टेड एवं स्वचालित वाहनों को बढ़ावा देंगे।

# स्पेसएक्स की जोरदार सूचीबद्धता के साथ मस्क बने दुनिया के पहले 'ट्रिलियनियर'

**न्यूयॉर्क :** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में अपनी सूचीबद्धता के दिन 23 प्रतिशत की जोरदार उछाल दर्ज की। इसके साथ कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले 'ट्रिलियनियर' बन गए। 'ट्रिलियनियर' का मतलब ऐसे व्यक्ति से है जिसके पास एक लाख करोड़ डॉलर की संपत्ति है। मस्क से पहले कोई भी व्यक्ति इतनी संपत्ति नहीं हासिल कर पाया था। मस्क की कंपनी स्पेसएक्सल के शेयर 150 डॉलर के भाव पर खुले जो निर्गम मूल्य से 11 प्रतिशत अधिक है। थोड़ी देर में ही इसके शेयर का भाव बढ़कर 166.90 डॉलर तक पहुंच गया। इस स्तर पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण करीब 2.18 लाख करोड़ डॉलर आंका गया। इसके साथ ही फोर्ब्स ने अनुमान जताया कि मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 1.1 लाख करोड़ डॉलर हो गई है। संस्थागत और खुदरा निवेशकों ने 135 डॉलर प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 55.56 करोड़ शेयर खरीदने में रुचि दिखाई, जिससे कंपनी ने 75 अरब डॉलर जुटाए। यह 2019 में सऊदी अरामको के 26 अरब डॉलर के रिकॉर्ड आईपीओ से काफी अधिक है। मस्क ने कहा है कि कंपनी को उपग्रहों और अंतरिक्ष में डेटा सेंटर स्थापित करने तथा मंगल ग्रह पर मानव बस्ती बसाने जैसी



महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पूंजी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पेसएक्स भविष्य में आम लोगों को भी चंद्रमा और मंगल तक ले जाने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, कंपनी को जनवरी 2025 से मार्च 2026 के बीच 8.7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है, जो इसके बड़े निवेश की जरूरत को दर्शाता है। बाजार के कुछ विश्लेषकों ने मूल्यांकन को लेकर चिंता जताई है। शोध कंपनी मॉर्निंगस्टार ने कहा कि कंपनी का आईपीओ अत्यधिक मूल्यांकन वाला है जबकि उसका अनुमानित मूल्य इससे लगभग आधा यानी 780 अरब डॉलर है। स्पेसएक्स इस साल बाजार में उतरने वाली तीन बड़ी कंपनियों में पहली है। एंथ्रोपिक और ओपनएआई भी अपना आईपीओ लाने की तैयारियों में जुटी हैं।

# क्रिकेटर रोहित शर्मा ने फिटनेस स्टार्टअप एफआईटीटीआर में निवेश किया

**नयी दिल्ली :** क्रिकेट खिलाड़ी रोहित शर्मा ने स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती क्षेत्र के स्टार्टअप 'एफआईटीटीआर' में निवेश किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रोहित शर्मा के निवेश की राशि के बारे में जानकारी नहीं मिली है। शर्मा ने कंपनी के साथ अपने रिश्ते की शुरुआत इसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''...रोहित को अपने व्यक्तिगत मूल्यों और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ कंपनी का गहरा सामंजस्य मिला, जिससे उन्होंने एंबेसडर बनने से लेकर एक निवेशक और इक्विटी साझेदार बनने का सफर तय किया।'' एफआईटीटीआर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जितेंद्र चौकसे ने कहा, ''मुझे और हमारी टीम को प्रसन्नता है कि रोहित के साथ हुई चर्चाओं का परिणाम उनके निवेशक और भागीदार के रूप में हमारे साथ जुड़ने के रूप में सामने आया।''

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पांच जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.97 अरब डॉलर बढ़कर 114.57 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.76 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित कोष की स्थिति 4.826 अरब डॉलर रही।

# टीसीएस ने देश के पहले ओरेकल एआई डेटा प्लेटफॉर्म लैब की शुरुआत की

**कोलकाता :** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को यहां भारत का पहला 'ओरेकल एआई डेटा प्लेटफॉर्म लैब' और 'उत्कृष्टता केंद्र' (सीओई) शुरू किया। इसका उद्देश्य उद्यमों को कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने और डेटा-आधारित बदलाव की प्रक्रिया तेज करने में मदद करना है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने एक बयान में कहा कि कोलकाता स्थित डेल्टा पार्क लॉर्ड्स में इस केंद्र की शुरुआत ओरेकल के साथ मिलकर की गई है। यह ग्राहकों को बिखरे हुए डेटा सिस्टम, धीमी विश्लेषण प्रक्रिया, एआई के सीमित विस्तार और परिचालन अक्षमताओं जैसी चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा। टीसीएस ने कहा कि यह प्रयोगशाला ओरेकल एआई डेटा मंच का उपयोग करेगी, जिसमें ओरेकल क्लाउड अवसंरचना, ओरेकल स्वायत्त एआई डेटाबेस और ओसीआई उद्यम एआई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। बयान के मुताबिक, कंपनी अगले तीन वर्षों में देश के चार अन्य शहरों में भी इसी तरह की प्रयोगशाला और उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। टीसीएस के उपाध्यक्ष एवं वैश्विक प्रमुख (ओरेकल प्रैक्टिस) सुदीप्तो राय ने कहा, ''इस सुविधा को अवधारणा से लेकर प्रयोग और फिर बड़े पैमाने पर लागू करने तक के सफ़र को तेज़ करने के लिए तैयार किया गया है।'' ओरेकल इंडिया के गठबंधन एवं चैनल प्रौद्योगिकी प्रमुख अरविंद मेहरा ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को एआई-आधारित अंतर्दृष्टि और एआई के ज़रिए डेटा को कारोबारी नतीजों में बदलने में मदद करेगी।

## टाटा मोटर्स एक जुलाई से यात्री वाहनों की कीमतों में करेगी 1.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने यात्री वाहनों की कीमतों में एक जुलाई से 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि करने का फैसला किया है। यह पिछले तीन महीने में दूसरी बढ़ोतरी है। कंपनी ने पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न लागत दबावों के बीच एक अप्रैल से अपने आईसीई वाहनों की कीमतें बढ़ाई थीं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''यह मूल्य संशोधन कच्चे माल की बढ़ती लागत और मुद्रास्फीति के निरंतर दबाव के प्रभावों को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है।'' इसमें कहा गया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स इन लागत वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही है, लेकिन इसका कुछ प्रभाव इस मूल्य समायोजन के जरिये ग्राहकों पर डाला जा रहा है। कंपनी ने कहा, ''कीमतों में वृद्धि विभिन्न मॉडल और संस्करणों के लिए अलग-अलग होगी...''इससे पहले, कार बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मुद्रास्फीति दबाव और प्रतिकूल लागत का हवाला देते हुए एक जून से अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 30,000 रुपये तक

## सोना 3,000 रुपये मजबूत, चांदी में 10,000 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 10,000 रुपये बढ़कर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अमेरिका-ईरान तनाव में कूटनीतिक समाधान के संकेतों से इन कीमती धातुओं में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है। स्थानीय बाजार के जानकारों के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,53,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल आया और यह 10,000 रुपये बढ़कर 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को सोने की कीमत में जोरदार उछाल आया। अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीदों ने कीमती धातुओं के बाजार धारणा को बेहतर बनाया।''

# मंदी की आशंका निराधार, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था: फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को आर्थिक सुस्ती की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि बार-बार नरमी आने की भविष्यवाणी के बावजूद भारत दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के 12 साल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फडणवीस ने कहा कि आर्थिक सुस्ती की बात करने वालों को देश के प्रदर्शन ने गलत साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, लोग लगातार मंदी की बात करते रहे, लेकिन भारत की आर्थिक वृद्धि दर दुनिया में सबसे अधिक है और देश सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी। फडणवीस ने कहा, भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और इसका आकार 4.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। इस तरह भारत पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने विदेशी क्षेत्र की मजबूती का जिक्र करते हुए कहा कि देश के पास करीब 66 लाख करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो 11 महीने के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है।






विश्व कप के उद्घाटन में शकीरा, एंड्रिया बोसेली और सलमा हायेक ने मचाई धूम

# मैक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर धमाकेदार शुरुआत की

**मैक्सिको सिटी :** फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मैच में सह-मेजबान मैक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। एज़्टेका स्टेडियम में 80,824 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए मुकाबले में मैक्सिको ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया।मैक्सिको को नौवें मिनट में जूलियन क्विनोनेस ने गोल कर बढ़त दिलाई। इसके बाद राउल जिमेनेज ने 66वें मिनट में हेडर के जरिए दूसरा गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। यह जिमेनेज का मैक्सिको के लिए 46वां अंतरराष्ट्रीय गोल और विश्व कप में पहला गोल था।मैक्सिको के कोच जेवियर अगुइरे ने कहा कि घरेलू मैदान पर विश्व कप का पहला मैच खेलना खिलाड़ियों के लिए विशेष अनुभव था। उन्होंने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि पहले हाफ में उनकी टीम कई और गोल कर सकती थी। मैच में कुल तीन लाल कार्ड दिखाए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्फेफेलो सिथोले और थेम्बा ज़वाने को बाहर भेजा गया, जबकि इंजरी टाइम में मैक्सिको के सेसार मोंटेस को भी लाल कार्ड मिला। विश्व कप के उद्घाटन मैच में पहली बार तीन लाल कार्ड दिखाए गए हैं।इस जीत के साथ ग्रुप-ए में मैक्सिको ने तीन अंक हासिल कर लिए हैं।



### विश्व कप के पहले मैच में ही बना लाल कार्ड का नया रिकॉर्ड

फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मैच में मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में तीन खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाए गए, जो विश्व कप के उद्घाटन मैच का नया रिकॉर्ड है। दक्षिण अफ्रीका के स्फेफेलो सिथोले और थेम्बा ज़वाने को सीधे लाल कार्ड मिलने से टीम को नौ खिलाड़ियों के साथ मैच खत्म करना पड़ा। इंजरी टाइम में मैक्सिको के डिफेंडर सेसार मोंटेस को भी लाल कार्ड दिखाया गया। विश्व कप इतिहास में एक मैच में सबसे अधिक चार लाल कार्ड 2006 में पुर्तगाल और नीदरलैंड के मुकाबले में दिखाए गए थे। मैक्सिको ने मैच 2-0 से जीता।

## वेस्टइंडीज ने पहले टी20 मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराया

**किंग्स्टन (जमैका) :** रोवमैन पॉवेल ने अंतिम ओवर में छक्का लगाया जिससे वेस्टइंडीज ने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 147 रन बनाए। उसकी तरफ से कामिंदु मेंडिस ने 51 रन तथा कप्तान और सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने 36 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ ने तीन-तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसकी तरफ से कप्तान और सलामी बल्लेबाज शाई होप ने नाबाद 65 रन बनाए। इसके बाद पॉवेल ने नाबाद 10 रन बनाकर टीम को चार गेंद पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 37 रन का योगदान दिया। टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच शनिवार और रविवार को किंग्स्टन के सबीना पार्क में ही खेले जाएंगे।

# आयु धोखाधड़ी पर डब्ल्यूएफआई की कार्रवाई, 500 से अधिक पहलवान प्रतियोगिता से बाहर

**नयी दिल्ली :** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उम्र में धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से 500 से अधिक पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया है। आधार आधारित सख्त सत्यापन प्रणाली लागू होने के बाद खिलाड़ियों के दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर विसंगतियां सामने आईं। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में छह से आठ जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्गों में करीब 1,200 पहलवानों ने पंजीकरण कराया था। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ खिलाड़ियों से मोबाइल नंबर से जुड़े आधार कार्ड प्रस्तुत करने और आधार ऐप के जरिए ओटीपी प्रमाणीकरण कराने को कहा गया। आधार ऐप में दस्तावेजों में किए गए सभी बदलावों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है, जिससे जांच और अधिक प्रभावी हो सकी। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि तथा जन्म स्थान में बड़े अंतर पाए गए। इसके बाद करीब 500 पहलवानों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। इनमें लगभग 300 पुरुष फ्रीस्टाइल, 125 ग्रीको रोमन और करीब 50 महिला पहलवान शामिल हैं। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए जिनमें आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी मेल नहीं खा रही थी। कई जन्म प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के जन्म के वर्षों बाद जारी किए गए थे, जिससे संदेह और गहरा गया। एक मामले में एक पहलवान ने जन्म प्रमाण पत्र में अपनी जन्म तिथि वर्ष 2007 और जन्म स्थान दिल्ली के नरेला क्षेत्र का बताया था, जबकि उसके आधार रिकॉर्ड में जन्म वर्ष 2004 और जन्म स्थान हरियाणा दर्ज था। इस विसंगति के बाद डब्ल्यूएफआई ने संबंधित अस्पताल से भी स्पष्टीकरण मांगा।

# कोच जसपाल राणा के निधन से भारतीय खेल जगत को बड़ी क्षति, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजी के दिग्गज खिलाड़ी और प्रसिद्ध कोच जसपाल राणा के निधन से पूरे खेल जगत में शोक की लहर है। 49 वर्षीय राणा का शुक्रवार तड़के दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री मनसुख मांडविया तथा कई खेल हस्तियों ने गहरा दुख व्यक्त किया।राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जसपाल राणा एक प्रख्यात निशानेबाज थे, जिनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को निखारकर भारतीय खेलों में अमिट योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके निधन को भारतीय खेल जगत की बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि राणा ने अपनी उपलब्धियों से देश का सम्मान बढ़ाया और कोच के रूप में नई प्रतिभाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई।ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने कहा कि राणा भारतीय निशानेबाजी को नई दिशा देने वाली पीढ़ी के प्रमुख सदस्य थे। वहीं गगन नारंग ने उन्हें अपना प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनकी सफलता ने युवा निशानेबाजों को बड़े सपने देखने का साहस दिया। विजय कुमार, गौतम गंभीर और रंजन सोढ़ी सहित कई खिलाड़ियों ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जसपाल राणा को भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में गिना जाता था। खिलाड़ी जीवन के बाद उन्होंने कोच के रूप में भी उल्लेखनीय योगदान दिया और मनु भाकर समेत कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज तैयार किए। उनका निधन भारतीय खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

# राहुल की भूमिका में बदलाव के संकेत, किशन ने किया विकेटकीपिंग

**धर्मशाला :** भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले शुरुआती वनडे से पहले धर्मशाला में शनिवार को विकेटकीपिंग को लेकर दिलचस्प संकेत देखने को मिले जहां अभ्यास सत्र में ईशान किशन विकेटकीपिंग का अभ्यास करते नजर आए, जबकि लोकेश राहुल क्षेत्ररक्षण अभ्यास में ऊंचे कैच पकड़ने का अभ्यास कर रहे थे। एकदिवसीय क्रिकेट में पिछले कई वर्षों से राहुल भारत के मुख्य विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे हैं लेकिन ईशान किशन की वनडे टीम में वापसी के बाद उनकी भूमिका में बदलाव की संभावना दिखाई दे रही है। विराट कोहली चोट के कारण इस श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को तीसरे नंबर पर अलग-अलग बल्लेबाजों को आजमाने का मौका मिलेगा। राहुल भी पिछले कुछ वर्षों से मध्यक्रम, खासकर पांचवें नंबर पर अच्छी तरह स्थापित हैं, लेकिन इस श्रृंखला में उनकी बल्लेबाजी स्थिति बदल सकती है। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में तीसरे नंबर के लिए कई खिलाड़ियों को आजमाया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''तीसरे क्रम को लेकर हम इस श्रृंखला में कुछ प्रयोग करेंगे। ईशान, राहुल या (यशस्वी) जायसवाल में से किसी को भी वहां बल्लेबाजी का मौका मिल सकता है। हमारे पास कुछ वनडे मैच हैं और हम खिलाड़ियों को अलग-अलग स्थानों पर आजमाना चाहते हैं।''

# केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**क्राइस्टचर्च / लंदन :** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने 15 बरस से अधिक के सुनहरे कैरियर के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने की घोषणा की। इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारूपों में एक युग का अंत हो गया। विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लिया था। विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी बयान में कहा ,'' मैने इस पर काफी सोचा और पिछले कुछ दिन से लग रहा था कि यह सही समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिये मेरे भीतर हमेशा मजबूत इच्छाशक्ति और ललक रही है और मुझे इस बात में गर्व है कि न्यूजीलैंड के लिये हर मैच में मैने अपना सब कुछ दिया है।'' उन्होंने कहा ,'' इससे कम पर खेलते रहना सही नहीं होगा और मैं खुशकिस्मत हूं कि अपने हिसाब से



मैने यह फैसला लिया है।'' 35 वर्ष के विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिये विभिन्न प्रारूपों में 19346 रन बनाये हैं जिनमें टेस्ट क्रिकेट में 33 शतक और छह दोहरे शतक समेत 9500 से अधिक रन हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा ,'' हमारे महानतम खिलाड़ियों में से एक विदा हो रहा है। केन विलियमसन ने त्वरित प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला किया है।'' विलियमसन इस समय इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला खेल रहे हैं जिसमें न्यूजीलैंड पहला मैच 115 रन से हार गई थी।

## भारत पर पहली जीत के लिये अनुभवी स्पिन तिकड़ी पर अफगानिस्तान को भरोसा

**धर्मशाला :** अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को भरोसा है कि राशिद खान की अगुवाई में उनकी स्पिन तिकड़ी शनिवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में उनकी टीम को भारत पर जीत दिलायेगी। भारत की ही तरह अफगानिस्तान टीम भी इस श्रृंखला के जरिये 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। पहले मैच से पूर्व मीडिया से बातचीत में शाहिदी ने कहा कि उनकी टीम को भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में राशिद , ए एम गजनफर और मोहम्मद नबी की स्पिन पर भरोसा है। उन्होंने कहा ,''हमें इस मैदान पर खेलने का अनुभव है। हमने आखिरी बार यहां 2023 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। मुझे अभी भी याद है। भारत की गर्मी में स्पिनरों की मददगार विकेट होती है लिहाजा हमें फायदा है कि हमारे पास ऐसे स्पिनर हैं।''

वर्ष 11, पूर्णांक 3621 अंक 087 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in